इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 245 | राजनांदगांव, बुधवार 23 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए


शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

# संसद के मानसून सत्रः दूसरे दिन भी जमकर हंगामा; ऑपरेशन सिंदूर और बिहार वोटर लिस्ट पर विपक्ष का प्रदर्शन



नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विपक्षी दलों के जोरदार हंगामे के चलते मंगलवार को पूरे दिन के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। विपक्ष की मुख्य मांग थी बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराई जाए और इसे वापस लिया जाए। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के बाद बार-बार स्थगित होने के कारण सोमवार को सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही नहीं चल सकी थी।

### लोकसभा में आज क्या-क्या हुआ?

मंगलवार के दिन लोकसभा की कार्यवाही जैसे ही सुबह 11 बजे शुरू हुई, कांग्रेस समेत विपक्षी सांसदों ने जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। वे बिहार में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर चर्चा की मांग कर रहे थे और ऑपरेशन सिंदूर पर भी बहस चाहते थे। इस दौरान कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष से अपील की कि वे अपनी सीटों पर लौटें ताकि किसानों से जुड़े सवालों पर चर्चा की जा सके। स्पीकर ओम बिरला ने भी विरोध कर रहे सांसदों से अनुरोध किया कि वे नारेबाजी और तख्तियां दिखाना बंद करें क्योंकि इससे सदन की गरिमा को ठेस पहुंचती है। लेकिन हंगामा जारी रहने पर सदन को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

### दोपहर 12 बजे और दो बजे भी विपक्ष का हंगामा

दोपहर 12 बजे जब सदन फिर से शुरू हुआ तो स्थिति वैसी ही रही। इस बार बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल पीठासीन अधिकारी के रूप में थे। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि वे अपने मुद्दे लिखित रूप में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में रखें। लेकिन हंगामा बढ़ता गया और कार्यवाही दोपहर दो बजे तक फिर स्थगित करनी पड़ी। जब दोपहर दो बजे सदन दोबारा चला, तो दिलीप सैकिया पीठासीन अधिकारी थे। उन्होंने भी विपक्ष से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन विपक्षी सांसद वेल में पहुंच गए और नारेबाजी जारी रही।

### सरकार ने विपक्ष के रवैये की निंदा की

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के रवैये की निंदा की। उन्होंने कहा, एक ओर वे बहस की मांग कर रहे हैं और दूसरी ओर खुद ही बहस नहीं होने दे रहे हैं। यह दोहरा मापदंड है। उन्होंने कहा कि सोमवार को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में तय हुआ था कि पहले ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी। सरकार की ओर से कहा गया कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष खुद ही संसद का समय बर्बाद कर रहा है।

### राज्यसभा में भी विपक्ष का एसआईआर को लेकर हंगामा

लोकसभा के साथ-साथ विपक्ष की तरफ से राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया गया। इस दौरान विपक्ष के सदस्यों ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जमकर हंगामा किया। जिसकी वजह से आज पूरे दिन राज्यसभा में कोई भी काम नहीं हो सका। जैसे ही सदन की कार्यवाही सुबह शुरू हुई, विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी सदस्य बिहार में एसआईआर, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर प्रधानमंत्री की मौजूदगी में चर्चा की मांग कर रहे थे। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# दान में मिले 199 करोड़ रुपये पर कांग्रेस को देना होगा टैक्स



**ट्रिब्यूनल ने खारिज कर दी अपील**

नई दिल्ली। कांग्रेस को पार्टी फंड में पड़े 199 करोड़ रुपये पर इनकम टैक्स देना होगा। इसके लिए पार्टी को राहत नहीं मिली है। आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण या आईटीएटी ने आयकर रिटर्न देर से दाखिल करने और नकद दान सीमा के उल्लंघन के कारण पार्टी के छूट के दावे को खारिज कर दिया है। आईटीएटी ने कहा, 2.02.2019 को दाखिल किया गया करदाता का रिटर्न, छूट के लिए पात्र बनाने हेतु निर्धारित तिथि के भीतर नहीं है। कांग्रेस ने 31 दिसंबर, 2018 की निर्धारित तिथि से काफी पहले 2 फरवरी, 2019 को अपना आयकर रिटर्न दाखिल किया था और शून्य आय घोषित की थी। साथ ही, उसने 199.15 करोड़ रुपये की कर छूट का दावा भी किया था। लेकिन सितंबर 2019 में, मूल्यांकन अधिकारी को जांच के दौरान पता चला कि पार्टी ने 14.49 लाख रुपये के नकद दान स्वीकार किए थे, जिनमें से कई दान कानून के तहत प्रति (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# धनखड़ के इस्तीफे के बाद सियासी हलचल तेज, राष्ट्रपति मुर्मू से उपसभापति हरिवंश ने की मुलाकात



नई दिल्ली। राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की है। यह मुलाकात ऐसे समय हो रही है, जब सोमवार शाम को जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर बैठक की एक तस्वीर भी साझा की। जिसमें लिखा गया है, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

बता दें कि सोमवार को जगदीप धनखड़ ने संसद के मानसून सत्र के पहले दिन अचानक इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद हरिवंश ने मंगलवार को राज्यसभा में सुबह के सत्र की कार्यवाही की अध्यक्षता की। हालांकि की राज्यसभा की कार्यवाही को कुछ समय बाद कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

### सभापति का पद स्वतः रिक्त हुआ

उपराष्ट्रपति के पद छोड़ने के साथ ही राज्यसभा के सभापति पद भी स्वतः रिक्त हो गया। उपराष्ट्रपति उच्च सदन के पदेन सभापति होते हैं। ऐसे में अब जब इस्तीफा मंजूर हो गया है तो मानसून सत्र में राज्यसभा की पूरी कार्यवाही उपसभापति हरिवंश चलाएंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति की ओर से अधिकृत सदस्य को भी यह जिम्मेदारी दी सकती है। इससे पहले सोमवार को धनखड़ पूरे दिन राज्यसभा में सक्रिय थे। सुबह उन्होंने विपक्ष को संसद को संवाद एवं चर्चा का सकारात्मक मंच बनाने की नसीहत दी और दोपहर बाद जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शनः चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के खिलाफ आर्थिक नाकेबंदी, जुटे कांग्रेसी

### पूरे प्रदेश में कांग्रेस का आर्थिक नाकेबंदी शांतिपूर्ण रहा-प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

### केंद्र और राज्य सरकार पर जल जंगल और जमीन बेचने का गंभीर आरोप

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को प्रवर्तन निदेशायल की टीम ने शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया है। वहीं भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि सत्ता पक्ष केंद्रीय जांच एजेंसियों का डर दिखाकर लगातार विपक्ष को जबरन जेल भेजने का काम कर रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि आज केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी एवं आर्थिक नीतियों के विरोध में आयोजित आर्थिक नाकेबंदी का कार्यक्रम पूरे राज्य में सफल रहा।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अडानी और अंबानी को राज्य के जल जमीन और जंगल दिये जाने के विरोध में आज हमने शांतिपूर्वक बंद का आव्हान किया है। यह पूरे प्रदेश में सफल रहा है। दीपक बैज ने बताया कि उन्होंने बस्तर में मोर्चा संभाला यहां पर कांग्रेस के पार्षद एवं विधायकों ने भाग लिया तथा इसे



सफल बनाया। पूरे प्रदेश में इसके सफल होने की खबरें आ रही है। कांग्रेस में इसके लिए अलग अलग प्रभारी बनाए थे। अभनपुर में धनेंद्र साहू को इसका प्रभारी बनाया गया। धनेंद्र साहू ने बताया कि अभनपुर ब्लाक में यह कार्यक्रम सफल रहा। उन्होंने बताया कि अभनपुर में सभी कांग्रेसजनों ने सहयोग प्रदान किया है। राजधानी रायपुर में भी विकास उपाध्याय ने मोर्चा संभाला। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सफल रहा। कांग्रेस के प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में भी काफी सफलता मिली है। यदपि किसान कृषि कार्य में व्यस्त है लेकिन कार्यकर्ताओं ने पूरा सहयोग प्रदान किया है। दुर्ग,भिलाई, राजनांदगांव, बस्तर अंबिकापुर से भी इसके सफल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### अरुण साव बोले-सुपर फ्लॉप रही कांग्रेस की नाकेबंदीः भूपेश ने किया छत्तीसगढ़ को बदनाम, इसलिये जनता ने नकारा



शराब घोटाला, कोल घोटाला, महादेव सट्टा एप आदि घोटाले कर भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को पूरे देश-प्रदेश में बदनाम किया है, इसलिये उन्हें जनता ने नकारा है। एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले सामने आने के बाद कांग्रेस में भी भूपेश बघेल की स्वीकार्यता खत्म हो रही है। आखिर कब तक भूपेश बघेल, अपनी सरकार में हुए भ्रष्टाचारों पर पर्दा डालने के लिए ऐसे काम करेंगे? प्रदेशवासियों का समय जाया करते रहेंगे? आर्थिक नुकसान करते रहेंगे? पूरी कांग्रेस पार्टी को झोंकते रहेंगे? झूठ-पर-झूठ बोलते रहेंगे? ये बातें छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव ने आज मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर में पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार कर प्रदेश की जनता को सजा देना चोरी ऊपर से सीनाजोरी है।

# एयर इंडिया के विमान में लगी आग, दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद हादसा; सभी यात्री व क्रू सुरक्षित



नई दिल्ली। हांगकांग से दिल्ली आ रही एअर इंडिया के एक फ्लाइट में मंगलवार दोपहर लैंडिंग के बाद आग लग गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि विमान में सवार सभी यात्री और क्रू सदस्य सुरक्षित हैं। इस घटना को लेकर एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया, 22 जुलाई को हांगकांग से दिल्ली आने वाली फ्लाइट एआई-315 की लैंडिंग और गेट पर पार्किंग के बाद उसकी ऑक्जिलियरी पावर यूनिट में आग लग गई। घटना उस समय हुई जब यात्री विमान से उतरना शुरू कर चुके थे। सुरक्षा प्रणाली के अनुसार ऑक्जिलियरी पावर यूनिट को स्वतः बंद कर दिया गया।

### आग लगने से विमान को पहुंचा नुकसान

प्रवक्ता ने बताया कि विमान को कुछ नुकसान पहुंचा है, लेकिन सभी यात्री और क्रू सदस्य सामान्य रूप से उतर गए और पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विमान को फिलहाल ग्राउंड कर दिया गया है और मामले की जांच के लिए नियामक प्राधिकरण को सूचित कर दिया गया है।

### हाल के दिनों में बाधित हुई कई उड़ानें

एअर इंडिया के कई विमानों में तमाम खामियों के कारण हाल के दिनों में कई उड़ानें बाधित हुई हैं। इसमें स्थानीय उड़ानों के साथ-साथ विदेशी उड़ानें भी शामिल है।

एक दिन पहले ही कोच्चि से आ रहा एअर इंडिया का एक विमान मुंबई हवाई अड्डे पर रनवे से आगे निकल गया। इसके बाद विमान को जांच के लिए रोक दिया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ग्राहकों की शिकायतें तेजी से बढ़ रहीं, आरबीआई के डिप्टी गवर्नर बोले- बैंकर्स में सहानुभूति की कमी




नई दिल्ली। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने देश के बैंकर्स में सहानुभूति की कमी पर अफसोस जताया है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां धोखाधड़ी जैसे गंभीर पहलुओं को लेकर ग्राहकों की शिकायतों की संख्या बढ़ रही है, ऐसे हालात में बैकर्स में सहानुभूति की कमी सही नहीं है।

12 जुलाई को आरबीआई की ओर से प्रवर्तित एनआईबीएम (राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान) के एक कार्यक्रम में बोलते हुए स्वामीनाथन ने कहा कि ऑटोमेशन बढ़ रहा है, लेकिन जिम्मेदारी घट रही है, और ग्राहकों को अंतहीन टेम्पलेट ईमेल और हेल्पलाइन लूप से जूझना पड़ रहा है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने स्पष्ट किया कि यदि बैंकर्स को बैंकिंग प्रणाली में लोगों का विश्वास बनाए रखना है तो इन मुद्दों का समाधान करना जरूरी है। रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर मंगलवार को यह भाषण प्रकाशित किया गया।

वाणिज्यिक बैंकर से नियामक बने स्वामीनाथन ने छात्रों को अपने समापन भाषण में कहा, ग्राहकों की शिकायतों की संख्या- खासकर डिजिटल माध्यमों से- हाल के वर्षों में काफी बढ़ गई है। सोशल इंजीनियरिंग धोखाधड़ी से लेकर खराब शिकायत निवारण तक, नुकसान और हताशा वास्तविक है। अक्सर, समस्या उत्पाद या सेवा नहीं होती, बल्कि, जैसा कि मैं देखता हूं, असली मुद्दा सहानुभूति की कमी है।

उन्होंने कहा कि आजकल केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) को अक्सर एक आवधिक अनुष्ठान तक सीमित कर दिया गया है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने बैकर्स से डिजिटल दौर में भी व्यक्तिगत जागरूकता और जिम्मेदारी को वापस लाने का तरीका खोजने का आह्वान किया। वरिष्ठ नागरिकों को एटीएम पिन से जुड़ी समस्याओं, ग्रामीण क्षेत्र के उधारकर्ताओं को ऑनलाइन ऋण चुकाने में आने वाली चुनौतियों या यूपीआई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

APEX SUPER
SPECIALITY HOSPITAL
कैंसर का संपूर्ण ईलाज
राजनांदगांव का एक मात्र सबसे क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ के सबसे अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा..

07744459998, 6261925061, 9424152124, 8269099654
infront of Radhaswami Satsang Hall,
Dongargaon Road, Basantpur, Rajnandgaon (C.G..)

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को दी मंजूरी, पीएम मोदी की लंदन यात्रा के दौरान होंगे हस्ताक्षर



नई दिल्ली। भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच बहुप्रतीक्षित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को भारत की केंद्रीय कैबिनेट ने मंगलवार को मंजूरी दे दी है।

यह समझौता आधिकारिक रूप से 24 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लंदन यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित किया जाएगा। इस करार को कॉम्प्रिहेंसिव इकनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट कहा जा रहा है, जो दोनों देशों के बीच व्यापार को नई ऊंचाई पर ले जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी की चार दिवसीय विदेश यात्रा बुधवार से शुरू हो रही है, जिसमें वह ब्रिटेन और मालदीव का दौरा करेंगे। उनके साथ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी रहेंगे, जो इस समझौते पर भारतीय पक्ष से हस्ताक्षर करेंगे। यह करार दोनों देशों के बीच मई 6 को बातचीत के समापन के बाद अंतिम रूप में पहुंचा।

### इन उत्पादों में मिलेगी टैक्स से राहत

इस समझौते के तहत दोनों देश कस्टम ड्यूटी या आयात शुल्क को कम या खत्म करेंगे। भारत से ब्रिटेन को निर्यात होने वाले चमड़ा, कपड़ा और जूते जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों पर टैक्स में छूट दी जाएगी। वहीं ब्रिटेन से भारत में आने वाली विस्की और कारों के आयात पर भी शुल्क कम होगा। यह करार 2030 तक दोनों देशों के व्यापार को 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। यह समझौता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सैन्य सेवा में बीमारी होने पर जिंदगी भर मिलेगी दिव्यांगता पेंशन, हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला



नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक ग्रुप कैप्टन को नौकरी के दौरान हुई हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज टाइप-Iको दिव्यांगता की श्रेणी माना है। कोर्ट ने आदेश दिया कि अगर सैन्य सेवा देते हुए किसी को इस तरह की बीमारी हो जाती है, तो वो ताउम्र दिव्यांगता पेंशन का हकदार है।

जस्टिस हरिशंकर और सज्टिस अजय दिग्पॉल की बेंच ने कहा कि सशस्त्र बलों में भर्ती के समय उम्मीदवारों की शारीरिक व मानसिक स्थिति की जांच होती है। उस दौरान अगर कोई पूरी तरह से स्वस्थ रहा है, तो बाद में खराब हुए स्वास्थ्य को सैन्य सेवा का परिणाम माना जाएगा। कोर्ट ने कहा कि सैन्य सेवा के दौरान तनाव और दबाव सेवा का अभिन्न हिस्सा हैं। हालांकि इससे होने वाली बीमारियां दिव्यांगता की श्रेणी में आती हैं। इस तरह दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और वायुसेना की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर को दिव्यांगता मानने के आदेश को चुनौती दी गई थी। जानकारी के अनुसार, ग्रुप कैप्टन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ शराब घोटालाः पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर गये जेल



रायपुर। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले में अरेस्ट पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। अब वे 14 दिन जेल में ही रहेंगे। पांच दिन की रिमांड खत्म होने के बाद आज मंगलवार को ईडी ने उन्हें रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

चैतन्य बघेल के बर्थडे पर 18 जुलाई को ईडी ने भिलाई स्थित उनके निवास पर छापा मारकर गिरफ्तार किया था। उन पर दो हजार करोड़ के शराब घोटाले में जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगा है। इस केस में ईडी ने विशेष न्यायालय से परमिशन लेकर उन्हें पांचदिन की रिमांड पर लिया था। आज रिमांड खत्म होने पर उन्हें दोबारा कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 14 दिन की 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर उन्हें जेल भेज दिया गया।

### चैतन्य बघेल के वकील ने लगाया आवेदन

जेल में बंद चैतन्य बघेल को सुरक्षा देने और जेलर के कमरे में परिवार से सप्ताह में एक बार और वकील से डेली मुलाकात का आवेदन लगाया गया है। कांग्रेसी नेता आशीष शिंदे पर हुए हमले का हवाला देकर आवेदन लगाया गया है। 18 जुलाई से 45 दिन की ईडी ऑफिस के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का भी आवेदन लगाया गया है।

### चैतन्य को शराब घोटाले से 16.70 करोड़ रुपये नगद मिले

ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने बताया कि चैतन्य बघेल को इस शराब घोटाले से 16.70 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई थी। उन्होंने अपनी रियल एस्टेट फर्मों का इस्तेमाल इस धनराशि को आपस में मिलाने के लिए किया था। भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर भरोसा है और वे उनके साथ सहयोग करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि उनके बेटे के खिलाफ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग तत्परता एवं सक्रियता से करें कार्य - कलेक्टर



**31 अगस्त के बाद सभी नस्ती, फाईल एवं डाक डिजिटल फार्म में प्रस्तुत किए जाएंगे, डीएमएफ अंतर्गत लोकहित से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत करने के दिए निर्देश, सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण में विलंब नहीं होना चाहिए**

राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परिचय पत्र अनिवार्य तौर पर बनाना है। परिचय पत्र जारी करने के लिए एनआईसी द्वारा पोर्टल तैयार किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्राथमिकता से परिचय पत्र बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सभी विभागों में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य होगा तथा सभी नस्ती, फाईल एवं डाक ई-ऑफिस के माध्यम से प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने सभी विभागों को ई-ऑफिस के क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग तत्परता एवं सक्रियता से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि 31 अगस्त के बाद कोई भी नस्ती, फाईल एवं डाक भौतिक रूप से प्रस्तुत नहीं किए जाए, सभी नस्ती ई-ऑफिस के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस का सुचारू संचालन एक नया कार्य है। जिसे सभी को सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों में कार्यों के संपादन के लिए ई-ऑफिस के माध्यम से पत्राचार किया जाएगा। शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए डिजिटल पत्राचार के माध्यम से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस के माध्यम से डिजिटाइजेशन करते हुए कार्यों का सरलीकरण किया गया है तथा डाक एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन प्रेषित किए जाएंगे। जिससे कार्य के संपादन में गति एवं कार्य कुशलता बढ़ेगी। सभी कार्यालय यथाशीघ्र ई-ऑफिस में कार्य आरंभ करें।

कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने डीएमएफ अंतर्गत लोकहित से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए महिला स्वसहायता समूह हेतु प्रोसेसिंग यूनिट एवं सिलाई मशीन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दे सकते है। आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूलों की मरम्मत तथा विभिन्न आयामों में कार्य किया जा सकता है। उन्होंने यथाशीघ्र डीएमएफ अंतर्गत प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण में विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार पेंशन प्रकरणों में देरी होने के कारण अधिकारी-कर्मचारी परेशान होते है। उन्होंने सभी लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुरानी पेंशन एवं नयी पेंशन से संबंधित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा। जिला कोषालय अधिकारी दिलीप सिंह ने आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा पेंशन प्रकरणों के भुगतान हेतु अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने के तीन महीने पहले पेंशन प्रकरण के लिए कार्रवाई प्रारंभ किया जाना चाहिए और पेंशन विभाग को भेजना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई पेंशन योजना से पुरानी पेंशन योजना में जाने वाले तथा पुरानी पेंशन योजना से नई पेंशन योजना में जाने वाले प्रकरणों को भी यथाशीघ्र प्रेषित करना चाहिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम, एसडीएम डोंगरगढ़ अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ओल्ड पेंशन योजना बंद करने के फैसले के खिलाफ कर्मचारियों की आवाज बुलंद



राजनांदगांव (दावा)। छग सरकार द्वारा अगस्त 2025 से पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बंद करने के निर्णय के खिलाफ राज्य के कर्मचारी संगठन एक बार फिर एकजुट हो गए हैं। इस फैसले से छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ और एन.एम.ओ.पी.एस. से जुड़े सभी कर्मचारी संगठनों में आक्रोश व्याप्त है।

### सरकार के निर्णय पर जताया विरोध

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ और एन.एम.ओ.पी.एस. संगठन की मांग पर राज्य के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की थी। अब वर्तमान सरकार के इस फैसले का कड़ा विरोध हो रहा है। आज छग अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांतीय संयुक्त सचिव अजय कड़व के नेतृत्व में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम जिला कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे को ज्ञापन सौंपा गया। अजय कड़व ने संगठन की ओर से सरकार से अपना निर्णय वापस लेने और पुरानी पेंशन योजना को फिर से बहाल करने/जारी रखने की मांग की है।

### एनपीपीएस और पीपीएस का विकल्प व अन्य मांगे

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ सरकार अगस्त 2025 से नई नियुक्तियों में नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीपीएस) और प्रॉस्पेक्टिव पेंशन सिस्टम (पीपीएस) का विकल्प दे रही है, जिससे कर्मचारियों की पेंशन नाममात्र रह जाएगी। संगठन छग शासन से पुरानी पेंशन योजना को लागू रहने देने की मांग कर रहा है। इसके साथ ही, शिक्षक एल.बी. संवर्ग को उनकी प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन का लाभ देने की भी मांग की गई है। इसी कड़ी मे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे जमीन पर उतरकर सरकार के खिलाफ आंदोलन का आगाज करेंगे। आज ज्ञापन सौंपने के दौरान अजय कड़व, छन्नूलाल साहू, प्रफुल्ल झा, जितेंद्र देवांगन, जितेंद्र हिरवानी सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। यह जानकारी छन्नूलाल साहू द्वारा दी गई।

# हरेली और शनि जन्मोत्सव पर यज्ञ और भंडारा

राजनांदगांव (दावा)। शहर में श्रावणी या हरियाली अमावस्या के अवसर पर 24 जुलाई को शनि जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस खास मौके पर प्राचीन शनि मंदिर, कामठी लाइन में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के सेवक दिलीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 जुलाई को तड़के सुबह 4 बजे महाभिषेक किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे यज्ञ का आयोजन होगा। जिसके तुरंत बाद भंडारा शुरू होगा। शाम को 7:30 बजे महाआरती की जाएगी। रात्रि 8 बजे से रामचरित मानस के सुंदरकांड का पाठ होगा।

# यादव समाज जन्माष्टमी पर निकालेगा भव्य शोभायात्रा



**बाइक रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित**

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव का यादव समाज इस वर्ष अपने इष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी को धूमधाम से मनाने की तैयारी में है। समाज के संरक्षक और महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में भव्य शोभायात्रा सहित विविध कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय लिया गया है।

### भक्तिमय आयोजन

यह आयोजन तीन दिनों तक चलेगा। जिसमें भक्ति और देशभक्ति का संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में पहला दिन 15 अगस्त को दोपहर 3 बजे स्टेट हाईस्कूल मैदान से बाईक रैली के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस रैली में समाज के युवक-युवतियां और महिलाएं शामिल होंगी, जो देशभक्ति और धर्म का संदेश देंगी। रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी और वापस स्टेट हाईस्कूल मैदान पर समाप्त होगी। दूसरा दिन 16 अगस्त को सुबह 9 बजे महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के सामने स्थित साहड़ा देव मंदिर में पूजा-अर्चना की जाएगी। दोपहर 2 बजे से स्टेट हाईस्कूल मैदान से एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा पालकी, भजन मंडली, बाजे-गाजे और राउत नृत्य से सुसज्जित होगी। विभिन्न मोहल्लों के युवक श्रीकृष्ण लीलाओं पर आधारित चलित झांकियों का भी प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न वार्डों में बैठकें आयोजित की जा रही हैं। तीसरा दिन 17 अगस्त को सुबह 11 बजे से गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें यादव समाज की सभी इकाइयाँ झेरिया, कोसरिया, ठेठवार के सदस्य, जिनमें युवक-युवतियां, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी शामिल होंगे।

### प्रमुखों की भागीदारी

महापौर मधुसूदन यादव के निवास पर आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में समाज के कार्यकारी अध्यक्ष दुर्गेश यादव, दुर्गा यादव, राधे यादव, विनोद यादव (बंटी), गरीबाराम यादव, कार्तिक यादव, सुदेश यादव, महेश यादव, हरीश यादव, उपेंद्र यादव, शीलू यादव, पूनाराम यादव, अमन यादव, राजेश यादव, रितेश यादव, प्रेम शंकर यादव, नीतेश यादव, चेतन यादव, मुरली यादव सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राजस्व से जुड़े प्रकरणों के लिए जनसामान्य को नहीं होनी चाहिए परेशानी - कलेक्टर



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व संबंधी कार्यों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि राजस्व से जुड़े प्रकरणों के लिए जनसामान्य को परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पटवारियों को जनसामान्य के साथ अच्छा व्यवहार रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने एग्रो स्टेट में किसानों का रजिस्ट्रेशन प्राथमिकता के साथ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में जिन किसानों ने पिछले वर्ष धान का विक्रय किया है उनका प्राथमिकता के साथ अनिवार्य रूप से एग्रो स्टेट में रजिस्ट्रेशन कराने कहा। उन्होंने तहसीलदारों को किसानों का निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर या लोक सेवा केन्द्रों में जाकर अपना एग्रो स्टेट में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए जागरूकता लाने कहा। उन्होंने स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख वितरण की कार्रवाई 1 अगस्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिन्हांकित तहसीलों के वन भूमि का राजस्व एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त सर्वे कर 15 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा। वृक्षारोपण के लिए स्थल का चिन्हांकन करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। नक्शा बटांकन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। किसानों का आधार सीडिंग और मोबाईल नंबर सीडिंग के कार्य को प्राथमिकता के साथ कराने कहा।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ तत्काल भेजने के निर्देश दिए। जिससे संबंधित व्यक्ति को समय पर सहायता राशि मिल सके। उन्होंने जिले में संचालित बंद खदानों में दुर्घटना की आशंका को देखते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही खुले बोर, कुओं का चिन्हांकन सुरक्षा व्यवस्था करने कहा। आदिवासी जमीन की खरीदी-बिक्री प्रकरण के संबंध में प्रतिवेदन पर विशेष ध्यान देने कहा। इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। जिले में चल रहे अवैध प्लाटिंग पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिजिटल क्राप सर्वे खरीफ के लिए फिल्ड सर्वेयरों को प्रशिक्षण देने कहा। उन्होंने अविवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन एवं सीमांकन के कार्यों को समय-सीमा में करने के निर्देश दिए। जियोरिफरेसिंग नक्शा का स्थल भौतिक सत्यापन, नजूल जांच, गलत प्रविष्टि का सुधार कार्य, लोक सेवा केन्द्र में लंबित प्रकरण सहित राजस्व के विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, संयुक्त कलेक्टर सुश्री हितेश्वरी बाघे सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

# कानून के सामने सब बराबर : कांग्रेस की नाकेबंदी परिवारवाद बचाने की बौखलाहट - सुमीत



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर कांग्रेस द्वारा किए गए नाटकीय प्रदर्शन और नाकेबंदी पर भाजपा ने तीखा हमला बोला है। भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया ने कहा कि यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस पार्टी अब जनसेवा की नहीं, बल्कि केवल व्यक्ति विशेष की पार्टी बनकर रह गई है।

### कानून के दायरे से ऊपर क्यों कांग्रेस?

भाटिया ने पलटवार करते हुए सवाल उठाया कि यदि कानून अपना काम करता है, तो कांग्रेस को परेशानी क्यों होती है? उन्होंने कहा, क्या कांग्रेस पार्टी यह मान चुकी है कि उसके नेताओं और उनके परिजनों पर कानून लागू नहीं होता? नाकेबंदी कर सड़कें रोकना, जनता को परेशान करना और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को रौंदना यही कांग्रेस की पहचान बन गई है।

### परिवार बचाओ अभियान का आरोप

भाजपा अध्यक्ष ने आगे कहा कि कांग्रेस का यह प्रदर्शन 'परिवार बचाओ अभियान' से ज़्यादा कुछ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब जनता महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के मुद्दों पर कांग्रेस से जवाब मांगती थी, तब वह मौन थी। भाटिया ने कहा, आज जब एक व्यक्ति विशेष पर कार्रवाई हुई तो पूरी पार्टी सड़क पर उतर आई। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, लोकतंत्र के लिए भी खतरे की घंटी है।

### भाजपा का स्पष्ट रुख

सुमीत भाटिया ने भाजपा का स्पष्ट मत दोहराते हुए कहा, कानून के सामने सब समान हैं। न कोई परिवार बड़ा है न कोई नाम। जनता सब देख रही है और आने वाले समय में इसका उत्तर भी देगी। उन्होंने अंत में कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान, कानून और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के पक्ष में खड़ी है।

# स्टाटर एवं रॉ वाटर पाईप लाईन मरम्मत कार्य के कारण शाम को पेयजल सप्लाई प्रभावित हुई

**महापौर ने शाम को जल संयंत्रगृह का आकस्मिक निरीक्षण कर पंप दुरूस्त रखने, एलम सहित अन्य आवश्यक समाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखने के दिये निर्देश**

राजनांदगांव(दावा)। जल संयंत्रगृह मोहरा में क्रमशः 10,17 एवं 27 एमएलडी प्लांट के माध्यम से जल शोधनकर उच्च स्तरीय जलागार भरकर शहर में पानी सप्लाई किया जाता है, वर्तमान में अमृत मिशन योजनांतर्गत तेजेस एवं एसएमसी कम्पनी द्वारा नियमानुसार प्लांट का संचालन संधारण किया जा रहा है। आज दिनांक 22 जुलाई को दोपहर को रॉ वाटर पाईप लाईन मरम्मत के कारण टंकी नही भर पाने पर शाम की पेयजल सप्लाई नही हो पाई।

शाम को पेयजल सप्लाई बाधित की जानकारी होते ही महापौर मधुसूदन यादव शाम को जल संयंत्रगृह मोहारा पहुँचकर वस्तु स्थिति की जानकारी लेकर पंप दुरूस्त रखने तथा एलम सहित अन्य आवश्यक समाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखने के निर्देश दिए। उन्होने तेजस कंपनी के इंचार्ज नितिन पाटिल से कहा कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए एलम का एक माह का स्टाक रखे और समय समय पर समाग्री की उपलब्धता के आधार पर सभी समाग्री की पर्याप्त भण्डारण रखे। उन्होंने अधिकारियो को हिदायत देते हुए कहा कि पेयजल जैसे अति आवश्यक सेवा में कोताही बर्दास्त नही की जावेगी।

रॉ वाटर पाईप लाईन खराबी एवं सट डाउन पर आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने जल विभाग के अधिकारियो को तत्काल मरम्मत कर व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देशित किया गया। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके ने बताया कि इंटकवेल का पाईप फूटने के कारण फिल्टर प्लांट बंद किया गया। साथ ही 27 एमएलडी प्लांट के पेनल में एमसीबी फिट किया गया। जिसके तहत प्लांट में सट डाउन किया गया, जिस कारण से आज 22 जुलाई शाम को पेयजल सप्लाई प्रभावित हुई, मरम्मत उपरांत सुबह दिनांक 23 जुलाई को नियमित पानी सप्लाई की जावेगी। साथ ही आयुक्त श्री विश्वकर्मा के निर्देश पर जल विभाग के प्रभारी सहायक अभियंता उप उप अभियंता हो अनियमित पेयजल के संबंध में कारण बताओ सूचना जारी कर जवाब लिया जा रहा है।

वर्तमान में जल संयंत्रगृह मोहारा में पर्याप्त मात्रा में एलम उपलब्ध है, एलम के कारण कभी भी पेयजल सप्लाई प्रभावित नही हुई है, आज तकनीकि कारणो से जल आपूर्ति बाधित हुई। श्री रामटेके ने बताया कि तेजस कम्पनी द्वारा 15 मेट्रीक टन एलम भण्डारण किया गया है। साथ ही नगर निगम द्वारा तेजेस कम्पनी को 200 मेट्रीक टन एलम भण्डारण हेतु निर्देशित किया गया है, ताकि बारिश में शहरवारियों को शुद्ध पेयजल वितरण किया जा सके। कम्पनी द्वारा तत्काल 50 मेट्रीक टन एलम भण्डारण हेतु अतिरिक्त आदेश एमल फैक्टरी को दिया जा चुका है, जो अति शीध्र भण्डारण किया जायेगा।

# जप्तसुदा वाहन को शासन के पक्ष में किया गया राजसात

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधान के तहत ग्राम बारनवाभाट तहसील डौंडीलोहारा जिला बालोद निवासी पुनाराम साहू के स्वामित्व के जप्तसुदा वाहन पिकअप क्रमांक सीजी 24 बी 0132 को शासन के पक्ष में राजसात किया है। उन्होंने पुनरीक्षण अवधि समाप्त हो जाने एवं सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी। नीलामी से प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय सत्र न्यायालय राजनांदगांव से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।







**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-4-6
678-1  299-0
राजधानी
2-3-7
590-4  224-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रामकुमार वर्मा (RAMKUMAR VARMA) पिता ईतवारी वर्मा, निवासी ग्राम बहेराभांठा पो. भैंसातरा, तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूं।

यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम रामायण वर्मा (RAMAYAN VARMA) को परिवर्तित कर नया नाम रामकुमार वर्मा (RAMKUMAR VARMA) रख लिया है। अतः आज से मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नए नाम रामकुमार वर्मा (RAMKUMAR VARMA) से ही जाना पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहता हूं।

**रामकुमार वर्मा**
(RAMKUMAR VARMA)
पिता ईतवारी वर्मा, निवासी ग्राम बहेराभांठा पो. भैंसातरा, तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, अं. चौकी**
**जिला-मोहला-मानपुर-अं. चौकी (छ.ग.)**

**ईश्तहार का प्रकाशन**

रा.प्र.क्र.202506300100004/
ब-121 वर्ष 2024-2025

विषय: ब-121 (विविध सामान्य राजस्व मामले)
कमला देवी पति स्व. तुलसीराम जाति बनिया निवासी अं.चौकी, तहसील अं.चौकी जिला मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)
विरुद्ध - छ.ग. शासन (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कमला देवी पति स्व. तुलसीराम जाति बनिया निवासी अं.चौकी, तहसील अं.चौकी जिला मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.) के द्वारा उपस्थित होकर अपने नाम की भूमि स्वामी हक की परिवर्तित भूमि ग्राम अं.चौकी में ख.नं. 118/17 रकबा 0.020 हे. भूमि स्थित है। उक्त दर्शित भूमि को आवेदिका अपने बहु रचना खण्डेलवाल के नाम पर दानपत्र पंजीयन की अनुमति प्रदान करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावों आपत्ति हो तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक 05/08/2025 तक अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/07/2025 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**अम्बागढ़ चौकी**

**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव**
**जिला-राजनांदगाँव**

**ईश्तहार**

विषयांतर्गत आवेदक बृजकिशोर सुरजन, मैनेजिंग ट्रस्टी, गायत्री परिवार ट्रस्ट, गायत्री शक्तिपीठ राजनांदगांव, तह. व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम लखोली प.ह.नं. 42 तह. व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 305/4 रकबा 1.12 ए., 307 का टुकड़ा रकबा 0.87 ए. भूमि का नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 07/08/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनाँक 21/07/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 21/07/2025
पेशी दिनांक :- 07/06/2025

**तहसीलदार,**
**राजनांदगांव**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग (भ/सं) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

निविदा विज्ञप्ति क्र./5778/10/नि.वि./लोनिवि/2025-26    राजनांदगांव, दिनांक 21/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **11/08/2025** अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - **20/08/2025** अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - **21/08/2025** अपरान्ह 11.30 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 10 T003 6 | सिविल कोर्ट डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में (महिला/पुरूष) सार्वजनिक टॉयलेट भवन का निर्माण कार्य | 9.16 | 7000.00 |

उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया जा सकता है।

टीपः- ऑनलाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा। इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही फार्म प्रदान किया जावेगा।

जी- 252602328/3

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

# अवैध गांजा तस्करी करते दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, 215 किलो गांजा जब्त



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 215 किलोग्राम गांजा और तस्करी में इस्तेमाल किया गया एक ट्रक जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 21.50 लाख रुपये आंकी गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि इस साल अब तक पुलिस ने 12 मामलों में 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनसे कुल 510.661 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत 63.5 लाख रुपये से अधिक है। इसके अलावा अवैध तस्करी में इस्तेमाल किए गए एक टाटा मैजिक वाहन और एक ट्रक को भी जब्त किया गया है।

### ऐसे पकड़े गए तस्कर

सोमनी थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि 21 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि टाटा ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी-23-ई-4218 में अवैध रूप से गांजा भरकर ओडिशा से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है और यह दुर्ग से राजनांदगांव जीई रोड होते हुए निकलेगा। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में सोमनी पुलिस और साइबर सेल की एक संयुक्त टीम गठित की गई। थाना सोमनी के सामने नाकाबंदी की गई और बताए गए ट्रक का इंतजार किया गया। दुर्ग की ओर से आते दिखते ही ट्रक को घेरकर रोक लिया गया और चालक-परिचालक को हिरासत में ले लिया गया।

### स्पंज आयरन के नीचे छिपा था गांजा

गवाहों की मौजूदगी में ट्रक की तलाशी ली गई। ट्रक में स्पंज आयरन भरा हुआ था, लेकिन डाले के पीछे आठ प्लास्टिक बोरियों में पीवीसी टेप से लिपटे बंडल में गांजा भरा हुआ मिला। तौल करने पर बोरियों सहित कुल 215 किलोग्राम गांजा पाया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चालक भरत कुमार सिंह (32), निवासी ताजपुर, थाना माझी, जिला छपरा, बिहार और परिचालक पूरन लाल लड़िया उर्फ राजू (28), निवासी ग्राम कुब्रोड़ा (रिचई), थाना सुआताला, जिला नरसिंगपुर (म.प्र.) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे 20 जुलाई को कौशल फेरो मेटल प्रा. लि. से कच्चा लोहा (स्पंज आयरन) भरकर महाराष्ट्र के लिए निकले थे। संबलपुर के एक ढाबे पर खाना खाने के बाद एक व्यक्ति ने उन्हें एक पार्सल ले जाने के लिए 5000 रुपये प्रति बोरी देने का प्रस्ताव दिया। पैसे के लालच में आकर वे दोनों राजी हो गए। सोहेला से करीब 1 किमी पहले रात करीब 12 बजे तीन आदमी टेम्पो से आठ बोरियों में गांजा लेकर आए और उन्होंने गांजा महाराष्ट्र ले जाने के लिए तैयार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। गांजा, ट्रक और दो मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं। भरत कुमार सिंह और पूरन लाल लड़िया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। इस कार्रवाई में सोमनी थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव सहित प्रधान आरक्षक डूलेश्वर साहू, आरक्षक काली चरण देशमुख, लीला साहू, बेनु नेताम एवं साइबर सेल से उनि कैलाश मरई, प्रधान आरक्षक बसंत राव, आरक्षक परवेश वर्मा और हरिश ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# राजनांदगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में 24 विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 39 लाख 66 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति



राजनांदगांव(दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में 24 विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 39 लाख 66 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

इसके अंतर्गत ग्राम मुड़पार में शेड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपए, ग्राम बरगा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम रानीतराई में शेड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपए, ग्राम भोथीपार खुर्द में शेड निर्माण के लिए 3 लाख रूपए, ग्राम जंगलेसर में निर्मल घाट निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए एवं सीसी रोड निर्माण के लिए 7 लाख 80 हजार रूपए, ग्राम इंदामरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम सुकुलदैहान में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम बम्हनी में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम धनगांव में नाली निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 91 हजार रूपए, ग्राम बरगा में नाली निर्माण कार्य के लिए 5 लख 91 हजार रूपए, ग्राम भानपुरी में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम रीवागहन में निर्मल घाट निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए एवं सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम बांकल में नाली निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 94 हजार रूपए, ग्राम फरहद में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम रवेली में निर्मला घाट निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम भर्रेगांव में सीसी रोड निर्माण के लिए 7 लाख 80 हजार रूपए, ग्राम कांकेतरा में सीसी रोड निर्माण के लिए 7 लाख 80 हजार रूपए, ग्राम करेला में सीसी रोड निर्माण के लिए 7 लाख 80 हजार रूपए, ग्राम तिलई में सीसी रोड निर्माण के लिए 7 लाख 80 हजार रूपए, ग्राम उपरवाह में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम जोरातराई में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम कांकेतरा में निर्मला घाट निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए है।

# 'रूप नहीं गुण देखो' कार्यक्रम में जिले के प्रभावशाली व्यक्ति हुए शामिल



राजनांदगांव (दावा)। यूनिसेफ, जिला प्रशासन एवं अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज मेंबर सर्वहितम द्वारा संचालित रूप नहीं गुण देखो कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ रूप नहीं गुण देखो कार्यक्रम विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रूप नहीं गुण कार्यक्रम के तहत किशोरों एवं युवाओं के आत्मविश्वास को बढ़ावा देने, अभिभावकों एवं बच्चों के बीच बढ़ रही दूरियों को कम करने, किशोरों एवं युवाओं से जुड़ी लैंगिंग समस्याएं एवं बाहरी रंग के अनुसार तुलना करने की रूढियों को दूर करने के लिए कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिले के प्रभावशाली व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रभावशील प्रतिष्ठित नागरिकों ने अपने विचार भी व्यक्त किए।

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रभावी मार्गदर्शक डॉ. ओमकार लाल श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रभावी मार्गदर्शक अजय ठाकुर, एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज दुर्ग संभाग प्रमुख शरद श्रीवास्तव, साथ ही प्रभावशाली व्यक्तियों के रूप में ही सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन सरिता भोजवानी, अध्यक्ष एसएसएजेएस अनिमेष रॉय, सामाजिक कार्यकर्ता सुधा पवार, मोना गोसाई, अनीता फ्रांसिस, ऋतु शर्मा, महिला सुरक्षा संगठन अध्यक्ष अंजू रानी साहू, जिला संगठक रेडक्रास सोसायटी प्रदीप शर्मा, कलाकार यशवंत गुप्ता, रागिनी, सामाजिक कार्यकर्ता प्रभा ठाकुर, पूर्व लोकपाल अमलेंदु हाजरा, दूरदर्शन समाचार से परमानंद रजक, समाज सेविका पूर्व पार्षद जमुना देवी, एक पहल एक कोशिश से सूरज गुप्ता, विनय साहू , पूर्व अध्यक्ष दिलीप खंडेलवाल सहित जिले के लगभग 50 प्रभावशाली व्यक्ति शामिल थे। अलायंस के जोनल हेड शरद श्रीवास्तव, यूनिसेफ जिला समन्वयक दिव्या राजपूत, जिला समन्वयक विनोद कुमार टेम्बुकर, विकासखंड समन्वयक चंद्रप्रकाश साहू, स्वयंसेवक तोरण, दिनेश्वर, तोमेश, जय, स्वयंसेविका योगिता, शारदा और श्वेता उपस्थित थे।

# रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया द्वारा श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि



छुरिया (दावा)। स्थानीय रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया के पूर्व प्रशासक स्वर्गीय लाल शंकर बहादुर सिंह की धर्मपत्नी तथा राजकुमार कॉलेज के पूर्व प्राचार्य स्वर्गीय डॉक्टर जयंत बहादुर सिंह की माताजी श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह जिनका निधन 19 जुलाई दिन शनिवार को हुआ था उनके मातृत्व एवं वात्सल्य भाव को याद करते हुए आज संस्था की प्रार्थना सभा में शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा पूजनीय मां जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमें शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के द्वारा उनके तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर शाला के प्राचार्य श्री गोपाल साहू एवं प्रधान पाठिका श्रीमती शारदा सिंह गौर ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को उनके बताए गए आदर्शों पर चलकर अपने जीवन में उनका अनुकरण करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी ने पूज्य पापा जी लाल शंकर बहादुर सिंह तथा डॉक्टर जे.बी. सिंह सर को भी अत्यंत आदर एवं श्रद्धापूर्वक याद किया।

इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा डॉक्टर सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई.के. वैष्णव ने भी शोक संदेश देते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# किलाबंदी टिकट जांच अभियान : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 6.19 लाख रुपये का राजस्व जुटाया

राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के मार्गदर्शन में 1 से 20 जुलाई तक व्यापक किलाबंदी टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के दौरान नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी, गोंदिया, डोंगरगढ़ तथा राजनांदगांव स्टेशनों पर मंडल के वाणिज्य अधिकारियों एवं टिकट जांच कर्मियों की टीमों द्वारा गहन जांच की गई। अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा एवं बिना बुकिंग माल ले जाने के कुल 1559 मामलों का पता लगाया गया। जिससे मंडल को रु. 6,18,905 रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखने की दिशा में भी रेलवे प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए गए। इन 20 दिनों में धूम्रपान के 30 मामलों में 6,000 रूपए तथा रेल परिसर में गंदगी फैलाने के 248 मामलों में 25,400 रूपए का जुर्माना वसूला गया। यह अभियान न केवल टिकट चेकिंग में कठोरता, बल्कि यात्रियों के बीच अनुशासन एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता को भी दर्शाता है। रेलवे प्रशासन यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसी दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

# कलेक्टर ने संवेदनशीलपूर्वक जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलपूर्वक सुनी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, अतिक्रमण हटाने, आधार कार्ड अपडेशन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, एसडीएम डोंगरगढ़ अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आज गौरीनगर में महाकाल पालकी यात्रा, राजनांदगांव होगा भक्तिमय



राजनांदगांव (दावा)। श्रद्धा और भक्ति के अलौकिक रंग में रंगने के लिए गौरीनगर तैयार है। राजाधिराज श्री महाकाल अपने मनमोहक श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में 23 जुलाई बुधवार को नगर भ्रमण करेंगे। यह भव्य पालकी यात्रा महादेव नगर की युवा टीम और गौरीनगर के समस्त श्रद्धालु सनातन धर्म प्रेमी बंधुओं के सहयोग से आयोजित की गई है।

### यात्रा मार्ग और अपेक्षाएं

यह भक्ति यात्रा महादेव नगर से प्रारंभ होगी और विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। यात्रा का मुख्य मार्ग शीतला माता मंदिर चौक, प्रसन्न दास मार्ग, गौरा चौरा से होते हुए गौरीनगर तालाब स्थित महादेव मंदिर व मुख्य मार्ग से गुजरेगी। इसके बाद यह यात्रा अचानक नगर शिव हनुमान मंदिर होते हुए स्टेशन पारा मिलन चौक पहुंचेगी। जहां से शहर भ्रमण का कार्यक्रम रखा गया है। इस दिव्य और भव्य आयोजन में हजारों की संख्या में शिव भक्तों के शामिल होने की संभावना है। आयोजक समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे सह परिवार इस पालकी यात्रा में सम्मिलित होकर बाबा महाकाल के दर्शन करें और पुण्य लाभ प्राप्त कर इस आयोजन को सफल बनाएं।

# महिला स्व-सहायता समूहों की एक दिवसीय कार्यशाला का नगर निगम सभागृह में हुआ आयोजन



राजनांदगांव(दावा)। महिला सशक्तिकरण के तहत महिला स्व सहायता समूह की महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने जिला शहरी विकास अभिकरण राजनांदगांव द्वारा निगम सभागृह में आज निगम आयुक्त तथा परियोजना अधिकारी अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला राजनांदगांव, खैरागढ-छुईखदान-गण्डई एवं मोहला-मानपुर के स्व सहायता समूहो की महिलाओ के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला सशक्तिकरण के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से शासन की लाभकारी योजनाओ की जानकारी दी गयी।

कार्यशाला में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अपने संबंधोधन में कहा कि आज की कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य महिलाओ को स्व रोजगार प्रदान कर उन्हें आत्म निर्भर बनाना है। केन्द्र सरकार द्वारा महिलाओ के हित में अनेक जन कल्याणकारी योजनाए संचालित की जा रही है, जिसका लाभ कैसे लेना है,मिलेट कैफे का संचालन कैसे करना है आज की कार्यशाला में बताया जायेगा।

**कार्यशाल में साथी परियोजना अंतर्गत मिलेट कैफे एंव कार्ट योजना के संबंध में दी गयी जानकारी**

उन्होंने कहा कि समूह को चलाने के लिए जो आवश्यकताए है उसी पूर्ति करने कार्य करे, समूह की दीदीयो को जागरूक करे, समूह को मजबूती प्रदान करे, तभी आप शासन की बडी बडी योजनाओ का लाभ ले सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अवधारणा अनुसार उद्यमियो को बढ़ावा देना एवं स्थानीय बाजार को विकसित करना है।

कार्यशाला में मिलेट योजना के संभाग समन्वयक श्री देवांग शाह ने शासन की योजनाओ के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से महिला समूहो को बताया गया। कार्यशाला में समूह की महिलाए मिलेट कैफे तथा कार्ट योजना का क्रियान्वयन कैसे करना है, उससे क्या लाभ मिलेगा बताया गया, साथ ही किसानो की आय में वृद्धि करने साथी बाजार के बारे में जानकारी दी गयी। साथी बाजार किसानो का सुपर मार्केट है, जहॉ कृषि संबंधी कार्य एवं समाग्री का विक्रय किया जाता है।

कार्यशाला में महिलाओ को आर्थिक सहायता प्रदान कर रोजगार को बढावा देने के संबंध में जानकारी दी गयी। कार्यशाला में सिटी मीशन प्रबंधक श्री मोरीस जार्ज व सुश्री मोनिका वराडे सहित तीनो जिले के महिला स्व सहायता समूह की महिलाए उपस्थित थी।

# संसार की असारता यदि समझ में आ जाए तो मन में वैराग्य आ जाएगा - वीरभद्र मुनि



राजनांदगांव (दावा)। प्रख्यात जैन संत और मुनि विनय कुशल जी के सुशिष्य मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि यदि व्यक्ति संसार की असारता को समझ ले तो उसके मन में वैराग्य आ जाएगा और वस्तुओं के प्रति मोह समाप्त हो जाएगा। उन्होंने जोर दिया कि मृत्यु केवल शरीर की होती है, आत्मा की नहीं और कोई भी आत्मा को नुकसान नहीं पहुंचा सकता। मुनि श्री ने कहा कि जब व्यक्ति के भीतर समता और समाधि का भाव आ जाता है, तो जीव अपना स्थान बदल देता है। जैन बगीचे के नए हॉल में अपने नियमित प्रवचन में उन्होंने ये विचार व्यक्त किए।

**अंदर समता व समाधि आ जाए तो जीव अपना स्थान बदल देता है**

### कृतज्ञता और विनय का महत्व

मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने अपने प्रवचन में कहा कि रूप-रूप में भी फर्क होता है। एक रूप विकार की ओर ले जाता है, तो दूसरा उपकार की ओर। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यदि किसी ने भी हम पर थोड़ा सा भी एहसान किया हो तो वह हमेशा याद रहना चाहिए और मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति कहीं न कहीं हमारा उपकार करता ही है, इसलिए सबके प्रति कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए और अपने ऊपर किए गए उपकार को कभी नहीं भूलना चाहिए। मुनि श्री ने आगे कहा कि जब व्यक्ति के भीतर विनय का गुण आता है, तभी उसके भीतर धर्म प्रवेश कर सकता है। उन्होंने बताया कि 12 प्रकार के तपों में से एक विनय है। जिसे प्रायश्चित के बाद और स्वाध्याय से भी ऊपर रखा गया है। उन्होंने कहा कि विनयवान व्यक्ति ही धर्म पथ पर आगे बढ़ता है और विनय के लिए संस्कारों का होना आवश्यक है।

### कर्म और मोक्ष मार्ग

मुनि श्री ने समझाया कि पुण्योदय और पापोदय दोनों साथ-साथ चलते हैं और जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को इनसे न घबराने बल्कि संघर्ष करते हुए विनय के मार्ग पर आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य मोक्ष की ओर बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कर्म कब बदल जाता है। यह कहा नहीं जा सकता, लेकिन मोक्ष प्राप्त करने के लिए हमें कर्म करना होगा। उन्होंने अधिक से अधिक धर्म का काम करने और ऐसे कर्म करने पर जोर दिया। जिससे व्यक्ति मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर हो सके।

# नगर की महिला वेटलिफ्टरों ने जीता जूनियर-सीनियर चैंपियनशिप का खिताब



राजनांदगांव (दावा)। दुर्ग पाटन स्थित झीट (महुदा) गांव में आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय अस्मिता खेलो इंडिया महिला भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) प्रतियोगिता में राजनांदगांव की महिला वेटलिफ्टरों ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने जूनियर और सीनियर वर्ग में चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। इस प्रतियोगिता का समापन समारोह छत्तीसगढ़ भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष और दुर्ग सांसद विजय बघेल की मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ।

### शानदार प्रदर्शन और राष्ट्रीय मंच पर प्रतिनिधित्व

जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने बताया कि केंद्र सरकार के अस्मिता खेलो इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस स्पर्धा में प्रदेशभर से लगभग 125 महिला वेटलिफ्टर खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें रायपुर, दुर्ग, धमतरी, बालोद, कोरबा, जगदलपुर, बलौदा बाजार और भिलाई जैसे जिलों की खिलाड़ी शामिल थी। राजनांदगांव की महिला वेटलिफ्टरों ने कुल 9 गोल्ड, 11 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जूनियर और सीनियर वर्ग में विजेता बनकर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं सब-जूनियर वर्ग में टीम उप-विजेता रही। आजमानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली खिलाड़ी सितंबर महीने में कोलकाता में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय अस्मिता खेलो इंडिया महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### पदक विजेता खिलाड़ी और टीम

इस राज्य स्तरीय खेलो इंडिया भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रमुख पदक विजेता खिलाड़ी इस प्रकार हैं :- प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक) : रूसना फरहीन, सोनाली यदु, खुशी रंगारी, मुस्कान यादव, द्वितीय स्थान (रजत पदक) : रिमझिम मैगी, पंखुड़ी टांग, महजबीन खान, तानी यादव, तानिया बंजारे, मानसी यादव, तृतीय स्थान (कांस्य पदक) : जान्हवी साहू, साक्षी राजपूत, पांचवां स्थान : मुस्कान यादव और मुस्कान पटेल रही। इस सफल टीम की कोच सोनाली यदु और मैनेजर अशोक श्रीवास रहे।

### बधाई और शुभकामनाएं

खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता और चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतने पर जिला भारोत्तोलन संघ के संरक्षक डोमन महोबिया, नीलू शर्मा, जीतू मुदलियार, अजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष अमित आजमानी, सचिव अशोक श्रीवास, कोषाध्यक्ष बसंत मैगी, जय भवानी व्यायाम शाला के सचिव शेख वसीम, सह सचिव नीरज शुक्ला, संघ के उपाध्यक्ष, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, चोवाराम सोनकर, अंकुश आजमानी, आकाश सोनी, सह सचिव नाहिद अख्तर, नारायण लोहार, तामेश्वर बंजारे, रितेश घरड़े, व्यायाम शाला के कोषाध्यक्ष विवेक रंजन सोनी, व्यायाम शाला के वरिष्ठ सदस्य दाऊद खान, जग्गू ठाकुर, रामा यादव, अजय कुलदीप, नितिन शर्मा, रवि गुप्ता, नोमेंद्र यादव, सुखराम मेश्राम, गोलू यादव, गौकरण सोनकर, दीपक सोनी, वैभव देवांगन, रविंद्र सुधाकर, भरत साहू, अरुण गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। यह जानकारी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

## अनमोल दावा

**मन की सफाई करते रहें, इसके लिए ध्यान-योग करना चाहिए। ऐसा करने से मन गलत विचारों से बचा रहेगा।**

## सम्पादकीय

# जस्टिस वर्मा पर महाअभियोग, कानूनी दांवपेच काम आएगा?

पहले दिल्ली हाईकोर्ट में नियुक्त जज जिनके बंगले में से बेहिसाबी नगद राशि मिलने से उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरित किया गया था। माननीय जज यशवंत वर्मा का प्रकरण दिन-ब-दिन उलझता जा रहा है। कानूनी दांवपेंच को आम आदमी तो समझ ही नहीं पाता। मीडिया अनुसार जस्टिस वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट में कर्तव्यरत थे। तभी सरकारी बंगले में जले हुए नोटों और अच्छे साबुत नोटें की कई गड्डिया मिली थी। अनेक समाचार-पत्रों और टीवी चैनलों ने इस समाचार को तस्वीर सहित छापा था। वैसे, ऐसा पूर्व में कई नेताओं और सरकारी अधिकारियों के बगलों में से भी बेहिसाबी मोटी राशि के मिलने की घटनाएं हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो इस तरह की घटनाएं अब चकित करने वाली नहीं हैं।

जस्टिस यशवंत वर्मा के बंगले में आगजानी की घटना और नोटों के मिलने की घटना को प्रिन्ट और इलेक्ट्रानिक, दोनों ही वर्गों ने अच्छा बड़ा कवरेज दिया था। उसी के बाद, सुप्रीम कोर्ट के द्वारा गठित समिति ने इस घटना की जांच कराई। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता ने भी कपिल सिब्बल की प्रशंसा में एक बयान भी दिया था। किन्तु, सुप्रीम कोर्ट की जांच समिति की रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा की दोषी ठहराया था। उसके बाद, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को सुझाव दिया था कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ कदम उठाया जाए।

अब संसद में जस्टिस वर्मा पर कटाक्ष करते हुवे और कर्तव्य से मुक्त करने का प्रस्ताव (इम्पीचमेन्ट मोशन) पेश होगा। कानून और न्याय विभाग के मंत्री किरण रिजिज ने पत्रकारों से रूबरू होकर कहा कि हम इस मुद्दे के समर्थन में हैं।

ठीक, इसके बाद जस्टिस वर्मा अचानक ही सक्रिय हो गए। एक मर्तबे संसद में प्रस्ताव पारित हो जाए उसके बाद जस्टिस वर्मा को सक्रिय होना ही था और वे सक्रिय हो गए। उन्होंने तुरन्त ही सुप्रीम कोर्ट में आवेदन लगाया कि उन्हें कानून का गहन अध्ययन है। इसलिए उन्हें ठोस तर्क-दलीलें तैयार की है। उन सभी दलिलों में रहे सभी टेक्नीकल मुद्दे की योग्यता की चर्चा जरूरी नहीं लगती है। परन्तु, एक मुद्दा मायने रखता है। उन्होंने कहा कि किसी भी केस में अनेक साक्षी हो, तथ्य हो, इसके बावजुद शक-संदेह के चलते मुझे बचाव करने और अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया जाए। मुझे यह अवसर नहीं दिया गया है। पहले से ही पूर्वाग्रह रख और मीडिया की खबरों पर से मुझे दोषी ठहराया गया है। जांच समिति को मुझे मेरी बात रखने का अवसर दिया जाना चाहिए। प्रत्येक मामलों में व्यक्ति पर आरोप लगते हैं और उन्हें अपना बचाव करने का पूरा अवसर दिया जाता है, यह परम्परा है। मेरे मामले में ये परम्परा और प्राकृतिक न्याय का भंग हुआ है।

जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट और देश के चीफ जस्टिस को भी चुनौती दी है। उन्होंने कहा है कि मेरे सामने याने हाईकोर्ट के जज के सामने इस प्रकार जांच समिति रचकर दंडित करने का अधिकार संविधान ने सुप्रीम कोर्ट को नहीं दिया है। यहां मामला थोड़ा पेचिदा लगता है। किन्तु, संसद में जस्टिस वर्मा के विरूद्ध महाअभियोग लाने की बात को समर्थन मिल गया है।

इस सम्पूर्ण घटना को संक्षिप्त में कहे कि जज भी आप-हमारे जैसे एक मानव है। सेवानिवृत हुवे जस्टिस चन्द्रचुड़ ने अभी तक उनकी आलोचना होनें के बाद भी अपना बंगला खाली नहीं किया है। अब इस पर भी कोई न कोई टिप्पणी तो बनती ही है।

हमारे देश के अधिकांश राजनीतिज्ञ, अधिकारी, कर्मचारी के यहां से छापेमारी से करोड़ों ही नहीं, अरबों रूपयों का धन मिलता है, जब्त होता हैं। जिसे गिनने के लिए नोटे गिनने की मशीनें भी कम पड़ती है। दूसरी बात, आम जनता जिन्दगी भर समस्याग्रस्त रहती है, वह बहुत जल्दी नेताओं व अधिकारियों के भ्रष्ट कारनामें को भूल जाती है। वास्तव में, आज कर्तव्यनिष्ठा, प्रमाणिकता, ईमानदारी, देश प्रेम, समाज सेवा के मापदण्ड बदल गए हैं। सभी क्षेत्रों में प्रायः नैतिक गिरावट आई है। इसमें अपवाद भी होते हैं, यह भी सच है किन्तु, ऐसे अपवाद नहींवत् होते हैं।

# आम आदमी के क्षितिज को अनुप्राणित करती है भारत की अंतरिक्ष यात्रा



**डॉ. जितेन्द्र सिंह**

इसकी शुरुआत बमुश्किल दिखाई दे रही एक दरार से हुई—जो फाल्कन-9 बूस्टर की प्रेशर फीडलाइन के वेल्ड जॉइंट में छिपी हुई थी। यह अंतरिक्ष उड़ान की विशाल मशीनरी में संभवतः एक छोटी सी खामी रही होगी। लेकिन भारत के लिए, यह निर्णायक घड़ी थी। इसरो के हमारे सचेत और अटल वैज्ञानिकों ने जवाब माँगा। उन्होंने कामचलाऊ उपायों की बजाए,मरम्मत पर ज़ोर दियाऔर ऐसा करके, उन्होंने न सिर्फ़ एक मिशन की रक्षा की बल्कि-एक सपने की भी हिफाजत की।

उस सपने ने 25 जून, 2025 को उड़ान भरी, जब भारतीय वायु सेना के अधिकारी और इसरो-प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, एक्सिओम-4 मिशन के ज़रिए कक्षा में पहुँचे। एक दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़कर, वह-न सिर्फ़ अंतरिक्ष में, बल्कि मानव-केंद्रित विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के भविष्य में भीभारत की अगली बड़ी छलांग का चेहरा बन गए।

यह कोई रस्मी यात्रा नहीं थी। यह एक वैज्ञानिक धर्मयुद्ध था। शुक्ला अपने साथ सात माइक्रोग्रैविटीप्रयोग लेकर गए थे। इनमें से प्रत्येक प्रयोग को भारतीय शोधकर्ताओं ने उन सवालों के उत्तबर जानने के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया था, जो न केवल अंतरिक्ष यात्रियों के लिए, बल्कि हमारे समूचे देश के किसानों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

अंतरिक्ष में मेथी और मूंग के बीजों के अंकुरित होने के बारे में विचार कीजिए। यह सुनने में सरल, लगभग काव्यात्मक प्रतीत होता है। लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं। अंतरिक्ष यान के सीमित क्षेत्र में, जहाँ पोषण का प्रत्येक ग्राम मायने रखता है, वहाँ यह समझना कि माइक्रोग्रैविटीमें भारतीय फसलें कैसे व्यवहार करती हैं, लंबी अवधि के मिशनों के लिए चालक दल के आहार को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पृथ्वी पर, विशेष रूप से मृदा क्षरण और जल की कमी से जूझ रहे क्षेत्रों में, ऊर्ध्वाधर खेती और हाइड्रोपोनिक्स में नवाचारों को प्रेरित कर सकता है।



इसके अलावा भारतीय टार्डिग्रेड्स का अध्ययन—इन सूक्ष्म जीवों को इनकी मजबूती के लिए जाना जाता है। सुप्तावस्था से जागे इन सूक्ष्म जीवों का अंतरिक्ष में जीवित रहने, प्रजनन और जेनेटिक एक्सरप्रेशन की दृष्टि से अवलोकन गया। उनका व्यवहार जैविक सहनशक्ति के रहस्यों को उजागर कर सकता है, जो टीके के विकास से लेकर जलवायु-प्रतिरोधी कृषि तक, हर चीज़ में सहायक हो सकता है।

शुक्ला ने मायोजेनेसिस प्रयोग भी किया। इस प्रयोग में इस बात की पड़ताल की गई कि मानव मांसपेशी कोशिकाएँ अंतरिक्ष की परिस्थितियों और पोषक तत्वों के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देती हैं। ये निष्कर्ष मांसपेशीय क्षय के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं, जिससे न केवल अंतरिक्ष यात्रियों को, बल्कि वृद्ध रोगियों और आघात या ट्रामा से उबर रहे लोगों को भी लाभ होगा।

अन्य जारी प्रयोगों में सायनोबैक्टीरिया की वृद्धि-ये ऐसे जीव हैं, जो संभवतः किसी दिन अंतरिक्ष में जीवन-रक्षक प्रणालियों की सहायता कर सकते हैं—तथा चावल, लोबिया, तिल, बैंगन और टमाटर जैसे भारतीय फसलों के बीजों का माइक्रोग्रैविटीके संपर्क में आना शामिल है।इन बीजों को पीढ़ी दर पीढ़ी उगाया जाएगा ताकि वंशानुगत परिवर्तनों का अध्ययन किया जा सके, जिससे संभावित रूप से चरम वातावरण के अनुकूल नई फसल किस्में विकसित हो सकें।

यहाँ तक कि मानव-मशीन संपर्क को भी परखा गया। शुक्ला ने यह समझने के लिए वेब-आधारित आकलन किया कि इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के साथ बातचीत करने की हमारी क्षमता को माइक्रोग्रैविटी किस प्रकार प्रभावित करती है - जो भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों और अंतरिक्ष यान के लिए सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस डिजाइन करने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि है।

ये कोई अमूर्त प्रयास नहीं हैं। ये समाज के लिए विज्ञान के भारतीय लोकाचार में गहराई से निहित हैं। एक्सिओम-4 का हर प्रयोग पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित करने की क्षमता रखता है—चाहे वह ओडिशा का कोई जनजातीय किसान हो, शिलांग का कोई स्कूली बच्चा हो, या लद्दाख का कोई फ्रंटलाइन डॉक्टर हो।

इस मिशन ने वैश्विक अंतरिक्ष कूटनीति में भारत के बढ़ते कद को भी दर्शाया। सुरक्षा प्रोटोकॉल पर हमारे द्वारा ज़ोर दिए जाने ने स्पेसएक्स को एक संभावित विनाशकारी खामी की पहचान करने और उसे ठीक करने में मदद की। नासा, ईएसए और एक्सिओम स्पेस के साथ हमारा सहयोग समान साझेदारी के एक नए युग को दर्शाता है, जहाँ भारत केवल भाग ही नहीं ले रहा है, बल्कि नेतृत्व भी कर रहा है। पूरे मिशन के दौरान, इसरो के फ़्लाइट सर्जनों ने शुक्ला के स्वास्थ्य पर नज़र रखते हुए उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखा। वे पूरे जोश में रहे और लखनऊ से लेकर त्रिवेंद्रम, बैंगलोर से लेकर शिलांग तक, पूरे भारत के छात्रों से बातचीत करते रहे और युवा मन में विज्ञान और अंतरिक्ष की संभावनाओं के प्रति उत्साह जगाते रहे।

शुक्ला अब लौट आए हैं, और वह अपने साथ प्रचुर मात्रा में डेटा, नमूने लाए हैं और उनके द्वारा लाई गई अंतर्दृष्टि भारत के आगामी गगनयान मिशन और भारत अंतरिक्ष स्टेशन को शक्ति प्रदान करेगी।

यह सिर्फ़ एक अंतरिक्ष यात्री की बात नहीं है। यह एक राष्ट के उत्थान की बात है। यह अंतरिक्ष विज्ञान को जनसेवा में बदलने की बात है। यह माइक्रोग्रैविटीअनुसंधान के लाभ भारत के कोने-कोने तक-दूरदराज के गाँवों में सैटेलाइट इंटरनेट से लेकर शहरी अस्पतालों में पुनर्योजी चिकित्सा तक पहुँचाना सुनिश्चित करने की बात है ।

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों में, गगनयान का आशय है किसी भारतीय को भारतीय साधनों के द्वारा अंतरिक्ष में पहुँचाना। एक्सिओम-4 एक पूर्वाभ्यास है, अवधारणा का प्रमाण है, आकांक्षा और उपलब्धि के बीच का सेतु है।

और जब हम तारों को देखते हैं, तो हम उन्हेंभ सिर्फ़ अचरज भरी निगाहों से ही नहीं निहारते, बल्कि इरादे से देखते हैं। क्योंकि भारत के लिए आकाश कोई सीमा नहीं, बल्कि प्रयोगशाला है।

*केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान और प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री*

## विचार सरिता

# निर्णायक परिस्थिति में हमारे अच्छे कर्म ही बारीक फर्क पैदा करते हैं



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

मनुष्य अपने जीवन में अनेक बार कुछ वस्तुओं या उपलब्धियों को प्राप्त करना चाहता है और इसके लिए वह प्रयास भी करता है। कई बार जब सफलता पास होती है, तो वह मुश्किल में पड़ जाता है और ऐसा भी संभव है कि जब हार या जीत एकदम नजदीक हो और कड़ा परिश्रम करने के बाद भी केवल एक सूत का बारीक फर्क हो तो उसका भाग्य उसके लिए निर्णायक हो जाता है। उदाहरण के लिए एक वास्तविक स्थिति पर चर्चा करते हैं। किसी व्यक्ति की ट्रेन प्रातः 6:00 बजे रेलवे स्टेशन से छूटने वाली है। एक व्यक्ति को वह ट्रेन पकड़नी है। वह व्यक्ति घर से रेलवे स्टेशन की दूरी के हिसाब से पर्याप्त समय पहले निकला, ताकि समय पर ट्रेन में बैठ सके। घर से निकलते समय उसने अचानक अपने पड़ोसी को सड़क पर फिसल कर गिरते हुए देखा। अब वह उन्हें इस तरह छोड़कर तो बढ़ नहीं सकता था।अतः उसने रुककर उस पड़ोसी को उसके घर तक पहुंचाया और साथ ही यह भी पूछा कि क्या चोट गंभीर है ताकि अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की जा सके। इस पर उस पड़ोसी के घर के लोगों ने कहा कि हम संभाल लेंगे। संभवतः आप यात्रा पर हैं,अतः आप आगे प्रस्थान करें।

इस उपक्रम में उस व्यक्ति को लगभग 10 से 15 मिनट का समय लगा और इस कारण वह अब 6:00 बजने के स्थान पर लगभग 6:10 बजे रेलवे स्टेशन पहुंच सकता है। इतना निश्चित है कि अगर ट्रेन सही समय पर आई तो उस व्यक्ति की ट्रेन छूटने की पूरी संभावना है। वह व्यक्ति यह भी चाहता है कि वह ऐसी प्रार्थना नहीं करे कि ट्रेन किसी कारणवश लेट हो जाए क्योंकि उस ट्रेन में केवल वह यात्रा नहीं करेगा, बल्कि सैकड़ो अन्य पैसेंजर सवार हैं और सभी को निर्धारित समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचना है।

ट्रेन पकड़ने के लिए उसने एक ऑटो रिक्शा ली और ऑटो रिक्शा चल पड़ी। उस व्यक्ति ने रेलवे की एकीकृत सूचना प्रणाली में देखा कि ट्रेन सही समय पर है या लेट चल रही है तो उसे यह जानकारी मिली कि आज ट्रेन एकदम सही समय पर है। अब उसने स्वयं को भगवान की कृपा पर छोड़ दिया कि अगर किसी वास्तविक और उचित कारण से ट्रेन लेट होती है तो मुझे वह मिलेगी अन्यथा मैं किसी अन्य ट्रेन में आगे की यात्रा करूंगा।

जब वह रेलवे स्टेशन पहुंचा और इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले की ओर देखा तो उसे यह जानकर सुखद आश्चर्य हुआ कि ट्रेन अभी प्लेटफार्म में आई नहीं है और लगभग 4 से 5 मिनट के अंतर पर प्लेटफार्म में पहुंचने वाली है। बड़े आराम से वह व्यक्ति निश्चित प्लेटफार्म पर पहुंचा और ट्रेन के लगभग 10 मिनट विलंब से आने के कारण उसे यह ट्रेन मिल गई।

वह ट्रेन पर सवार हुआ तो उत्सुकतावश उसने टिकट निरीक्षक से पूछा, ''महोदय ऐसा क्या कारण है कि यह ट्रेन सही समय पर आते-आते 10 मिनट के लिए लेट हो गई?''

टिकट निरीक्षक ने जवाब दिया, ''सही समय पर पहुंचने के बाद भी आगे सिग्नल क्लियर ना होने के कारण इस ट्रेन को आउटर पर लगभग 10 मिनट रुकना पड़ गया।'' कुल मिलाकर यह अपरिहार्य तकनीकी समस्या थी।


तो यह होता है मनुष्य के अच्छे कर्म और पुण्य का परिणाम। घर से निकलते वक्त पड़ोसी की सहायता करने में लगा उसका 10 मिनट प्राकृतिक न्याय व्यवस्था से तुरंत उस ट्रेन के समय को पूरा करने में समायोजित हो गया। कभी ना कभी किया गया ऐसा कोई पुण्य कार्य कई बार एक सेकंड के सौवें हिस्से के अंतर से सड़क पर दौड़ती गाड़ीयों के असंतुलित होने पर किसी दुर्घटनाओं को रोक कर जिंदगी भी बचाता है। हम पुण्य कर्म करें, अच्छे कार्य करें और ईश्वर निर्णायक समय पर हमारी सहायता करेंगे, बिना किसी और से अन्याय किए।

## शब्द सामर्थ्य -117

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 116 का हल**



## सू- दोकू क्र.117

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.116 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | [illegible] | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## सामयिक चर्चा

# कुर्सी का घमण्ड आया कि नेता पगलाया!

बानी बोले – ''गजाधर
मुझे अच्छा लगा यह पढ़कर
कि माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट की
समिति के लिए चुनाव में
मतदाताओं ने 'विकास' को चुना।
निष्क्रिय ट्रस्टियों को
दिखाया बाहर का रास्ता।
सचमुच में गजाधर भाई
निष्क्रियों से किसी का क्या वास्ता।
विकास प्रेमी मतदाताओं का खबर पढ़कर
आप क्या कहते हैं गजाधर?''
गजाधर मुस्कराए, बोले – ''बानी!
मतदाता को जागरूक होना चाहिए!
उन्हें योग्य प्रत्याशी को वोट देना चाहिए।
इसीलिए तो मालूम, हमारे देश के ख्याति प्राप्त
पूर्व चुनाव अधिकारी टी.एन. शेषन ने
लोकतंत्रीय देश के विकास के लिए
मतदाताओं को प्रमुख आधार बताया।
और उन्होंने तभी मतदाताओं की
सजग, कर्त्तव्यनिष्ठ और ईमानदार
बनाने का बीड़ा उठाया था।
पर अब तो भैया! 'रेवड़ी' पाकर
लालची मतदाता विकास को ताक में रख आते हैं,
और भ्रष्ट, बेईमान को वोट देकर आ जाते हैं।
पर हाँ बानी! शेषन साहब यह भी चाहते थे
कि जीतने वाले प्रत्याशी को चाहिए
कि वह सदा ईमानदारी से विकास का
कार्य करें। अपने भीतर
'कुर्सी का घमण्ड', कभी न आने दें।''



–गिरीश बख्शी

## कविता

# आकाशवाणी (सूचना, शिक्षा, मनोरंजन एवं ज्ञान का भंडार)

### आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस पर विशेष

सुबह पाँच बजकर पचपन मिनट पर खुलता है रेडियों में आकाशवाणी, सुनता हूँ प्रतिदिन, समाचार, मातृवंदना, भक्ति संगीत का होता है प्रसारण, फिर आता है चिंतन यह हमें आदर्श नागरिक बनने का संदेश देता है। रेडियों में प्रतिदिन सुबह छः पैतिस से छः पैतालिस तक प्रसारण होता है रामचरित मानस फिर आता है, कृषि, पशुपालन एवं पर्यावरण संरक्षण की जानकारी, सुबह छः पचपन पर आता है संस्कृत समाचार, फिर सात बजे आता है हिन्दी समाचार सुबह सात बजकर पाँच मिनट पर सुनिये नमस्कार रायपुर जिसमें आता है सूचना, शिक्षा, वार्ता, मनोरंजन एवं सुगम संगीत सुबह आठ बजकर तीस मिनट पर आता है प्रति मंगलवार को छत्तीसगढ़ी में प्रसारण मोर भुंइया जिसमें हमर संस्कृति और हमर कलाकार के कार्यक्रम आते हैं पर्यावरण संबंधी शिक्षा प्रदरूपक आते हैं, ऋतुपरिवर्तन एवं महत्वपूर्ण माहों जैसे सावन, भादो, क्वांर, कार्तिक, अग्घन, फागुन और गुरूपूर्णिमा के महत्व मनमोहक छत्तीसगढ़ी गीतों का होता है प्रसारण सुबह, दोपहर, शाम होता है प्रसारण पुराने एवं नये गीतों का प्रत्येक रविवार को आता है समूह राष्ट्रीय गीतों का प्रसारण प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को आता है महिलाओं का कार्यक्रम घर आंगन एवं बिंदिया, प्रतिदिन शाम को आता है चौपाल कृषक उपयोगी चर्चा, खेती के वैज्ञानिक तरीके, प्रतिदिन पाँच बजकर दस मिनट पर होता है युववाणी का प्रसारण, मार्गदर्शन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी युववाणी में ज्ञान एवं सफलता की बातें, सवालों के आइने में दिये जाते हैं प्रश्न श्रोता उसका नियत तिथि को उत्तर भेजते हैं रात में लोकसभा एवं विधानसभा की कार्यवाही और आता है शास्त्रीय संगीत एवं फर्माइशी गीत प्रतिदिन वीर जवानों के शौर्य का वर्णन आता है।



देवेन्द्र महोबे
9424129646
खैरागढ़

## राशिफल




आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज कुछ लोग आपसे किसी विषय पर राय मांग सकते हैं, आप उनकी हेल्प करेंगे। आज आप पारिवारिक माहौल को खुशनुमा बनाने का प्रयास करेंगे। साथ ही जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। किसी को दिया हुआ धन आज आपको वापस मिलेगा, जिसका उपयोग आप बिजनेस में कर सकते हैं।




आज आप दिन की शुरुआत किसी नेक काम के साथ करेंगे। आज आपके व्यवहार में थोड़ा लचीलापन आएगा, आप लोगों के साथ विनम्रता से बात करेंगे। आज जरूरी कार्यों को पूरा करने का दिन हैं, इसलिए अपने आलस्य को त्यागकर काम में जुट जाएं। जिन व्यक्तियों के सरकारी कार्यों में रुकावट आ रही थी, आज वो किसी की मदद से पूरे हो जायेंगे।




आज का दिन आपके लिए ठीकठ्ठाक रहेगा। व्यापार में लेनद्देन करते समय डॉक्यूमेंट अच्छे से चेक कर लें, जिससे बाद में कोई कंफ्यूजन न हो। स्पोर्ट्स खेलने वालों को आज कोच का साथ मिलेगा, जिससे उनकी खेलने की क्षमता में परिपक्वता आयेगी। आज आप अपने घर में फर्नीचर का काम शुरू करवा सकते हैं, जिससे घर की खूबसूरती बढ़ जाएगी।




आज आपका दिन नई संभावनाएं लेकर आया हैं, जिनका लाभ उठाकर आप जीवन में तरक्की कर सकते हैं, जिन लोगों को रोजगार की तलाश है, उनको आज किसी संस्था में काम करने का मौका मिलेगा, आज आप समय निकालकर थोड़ा वक्त परिवार और बच्चों के साथ बिताएंगे, आपको अच्छा लगेगा। आज आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने जायेंगे।




आज का दिन आपके लिए मिलाङ्क्जुला रहेगा, जो व्यक्ति किसी रोजगार की तलाश में हैं, आज उनको किसी के माध्यम से काम मिलेगा। इस राशि के कला और लेखन के क्षेत्र से जुड़े हुए व्यक्तियों को आज मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आज जीवनसाथी के साथ किसी विशेष मुद्दे पर बात होगी, वो बच्चों के भविष्य से भी जुड़ी हो सकती है।




आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही माता-पिता की नाराजगी, आज आपसे खत्म होगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेसमैन आज कोई जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा।




आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बढ़िया धन लाभ होगा, भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। परिवार में खुशियाँ आएंगी, आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। अगर आपको नॉवेल पढ़ने का शौक है, तो आज आप अच्छी बुक पढ़ सकते हैं।




आज आपका दिन व्यस्तताओं से भरा रहेगा। प्राइवेट नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों को आज दुगुना काम करना पड़ सकता है, लेकिन किसी सहयोगी से मदद भी मिलेगी। इस राशि की महिलाएं आज अपने मनपसंद कार्य को करने में वक्त व्यतीत करेंगी, जिससे उनको ख़ुशी मिलेगी। आज आपके घर पर किसी मेहमान का आगमन हो सकता है।




आज का दिन आपके अनुकूल होगा। जो व्यक्ति होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर चुके हैं, आज वो अपना होटल ओपन करने का विचार कर सकते हैं। आज आपको किसी काम के सिलसिले में दूसरे शहर जाना पड़ सकता हैं, जिसकी वजह से थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य एकदम ठीक रहेगा, आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे।




आज का दिन आपके लिए लाभप्रद रहेगा। आज आपको व्यापारिक दृष्टी से बढ़िया धन लाभ होगा , आपके व्यावसायिक रिश्ते भी अच्छे रहेंगे। मैन्यूफैक्चरिंग करने वालों को आज बड़ा ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं, जिससे वे अपने काम को बड़े स्तर पर कर पाएंगे। आज काम के बाद आप परिवार के साथ बैठकर कुछ समय बितायेंगे।




आज का दिन आप अपने हिसाब से बिताएंगे। आज आपको अधिकतर कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे आप अन्य कार्यों पर भी ध्यान दे पायेंगे। इस राशि के जो लोग सामाजिक कार्यों में रुचि रखते हैं, उनको किसी एनजीओ से जुड़कर काम करने का अवसर मिलेगा। आप नए कार्यों को भी आगे बढ़ायेंगे।




आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपकी कारोबारी गतिविधियाँ सुचारू रूप से चलती रहेंगी, आज कम मेहनत में ज्यादा लाभ मिलेगा। आज आप फैमिली के साथ कहीं पिकनिक मनाने जा सकते हैं, बच्चों को भी खुशी मिलेगी। आज आपको ससुराल पक्ष से किसी प्रकार का शुभ समाचार मिलने से परिवार में खुशियाँ आयेंगी।

# भाजपा सरकार की तानाशाही के विरोध में कांग्रेस, खैरागढ़ में चक्काजाम से 2 घंटे ठप रहा यातायात

**प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आर्थिक नाकेबंदी कर, धरना दिया प्रदर्शन**



खैरागढ़ (दावा)। भाजपा सरकार की तानाशाही रवैया के विरोध में और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश सोमवार को खैरागढ़ की सड़कों पर फूट पड़ा। पुराना बस स्टैंड स्थित टेम्पो चौक पर कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन करते हुए, चक्काजाम किया,जिसके कारण खैरागढ़-कवर्धा, राजनांदगांव दुर्ग रायपुर और लांजी मुख्य मार्ग पर करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा।

कांग्रेसियों ने टायर जलाकर विरोध जताया और ईडी भेजो या जेल भरो कांग्रेस न रुकेगी, न झुकेगी, तानाशाही नहीं चलेगी, लाठी डंडा खाऐंगे पिठ नहीं दिखाएंगे, मोदी सरकार होश में आओ जैसे नारों से पूरा इलाका आंदोलित कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर लेटकर गिरफ्तारी और केंद्र सरकार की कार्रवाई के खिलाफ विरोध दर्ज किया।

### पुलिस विभाग रही मुस्तैद, एसपी ने लिया जायजा

सुरक्षा के मद्देनज़र पुलिस बल की भारी तैनाती रही पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश थमने का नाम नहीं ले रहा था। आंदोलन के मद्देनजर जिला पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा ने आंदोलन स्थल पहुंचकर अपने विभाग के लोगों से मिलकर स्थिति का जायजा लिया।

### कांग्रेस नेताओं का हमला : यह गिरफ्तारी लोकतंत्र पर हमला

प्रदर्शन का नेतृत्व विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने किया। दोनों ने इसे भाजपा की तानाशाही मानसिकता करार दिया। जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने कहा भूपेश बघेल जब सदन में भाजपा के घोटालों का खुलासा करने जा रहे थे, उसी दिन उनके बेटे को गिरफ़्तार करना यह दर्शाता है कि भाजपा लोकतांत्रिक आवाज़ों से डरती है। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा चैतन्य बघेल एक किसान हैं, राजनीति से कोई लेना-देना नहीं। ये कार्रवाई सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक बदले की भावना से की गई है। इस आंदोलन को वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया और भाजपा सरकार की कथनी और करनी में अंतर कहा आने वाले समय में इस तानाशाही भाजपा सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी। इस धरना प्रदर्शन व आर्थिक नाकेबंदी बंदी के दौरान विधायक यशोदा वर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मोतीलाल जंघेल, प्रदर्शन प्रभारी विजय वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, सुनीलकांत पांडे, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भिखमचंद छाजेड़, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आकाशदीप सिंह गोल्डी, छुईखदान अध्यक्ष रामकुमार पटेल, गंडई अध्यक्ष भिगेश यादव, मुढ़ीपार अध्यक्ष कोमल साहू, छुईखदान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरीराज किशोर दास वैष्णव, गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष टाकेश्वर शाह खुसरो, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन तिवारी, जिला सेवा दल अध्यक्ष देवराज किशोर दास, नगर पालिका के उपाध्यक्ष रज्जाक खान, गुलाब चोपड़ा, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष उत्तम सिंह ठाकुर,नेताप्रतिपक्ष नपा. दिपक देवांगन, रोहित पुलस्त्य, पार्षद पुरूषोत्तम वर्मा, शत्रुघन धृतरहरे, दिलीप लहरें, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, असंगठित क्षेत्र के जिला अध्यक्ष यतेंद्रजीत सिंह 'छोटू', पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, गौतम जैन,अय्युब खान, मोहम्मद खान, हेमंत वैष्णव, दिलीप महोबिया, सुरजीत सिंह, जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष नदीम मेमन, रंजीत चंदेल, कामदेव वर्मा, विप्लव साहू, हिमाचल राजपूत, प्रमोद ठाकुर, ललित महोबिया,युंका नेता राजा सोलंकी , मोहसिन खान, उत्तम जंघेल, संदीप सिरमौर,रूखमणी देवांगन,दशमत जंघेल, शेखर दास, कोमल वर्मा, रतन सिंघी, सूरज देवांगन, संत निषाद, महेश यादव, सूर्यकांत यादव, वासु राजपूत, सुहैल खान, धर्मेंद्र मंडावी, देवकांत यदु, लीलाधर वर्मा, शैलेन्द्र क्षत्रिय, तेजराम वर्मा, मधुसूदन साहू, घनश्याम सिंहा, अशोक वर्मा, गोवर्धन मेरावी, लक्ष्मण विश्वकर्मा, बलदऊ जंघेल, निरज महोबिया, लिखन जंघेल, तोरण ठाकुर, तोप सिंह निषाद, देवलाल, गोलू सारथी, गौकरण जंघेल, नजारूद्दीन, दयालू वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे। इस धरना प्रदर्शन व आर्थिक नाकेबंदी का सफल संचालन विधायक प्रतिनिधि डॉ अरुण भरतद्वाज ने किया।

# आसरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रसंघ चुनाव संपन्न



डोंगरगांव (दावा)। ग्राम आसरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत छात्रसंघ चुनाव शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। विद्यालय के प्राचार्य रोहित कुमार तराम के मार्गदर्शन में चुनाव की पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से कराई गई। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र की सीख ग्रहण की।

### लोमनदास शाला नायक, प्रीति कंवर शाला नायिका निर्वाचित

सोमवार को मतदान परिणामों की घोषणा की गई। जिसमें लोमनदास को शाला नायक और प्रीति कंवर को शाला नायिका के पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों का भी चयन हुआ, जिन्हें प्रधानाचार्य द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री तराम ने सभी निर्वाचित छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय के शिक्षकों और स्टाफ ने पूरे चुनाव कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसकी सभी ने सराहना की।

## पहला कॉलम...

# गुंडरदेही सरपंच के प्रयास से दिव्यांग को मिला ट्रायसाइकल



डोंगरगांव (दावा)। जनपद पंचायत छुरिया के गुंडरदेही पंचायत की सरपंच उमा सिंह के अथक प्रयासों से निवासी दिव्यांग सोहन कुमार को एक ट्रायसाइकल प्रदान किया गया। यह वितरण समारोह जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय सिन्हा, ग्राम सरपंच श्रीमती सिंह और बड़ी संख्या में जनपद स्टाफ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस नेक पहल में स्वास्थ्य विभाग छुरिया का भी सराहनीय सहयोग रहा।


# सरस्वती शिशु मंदिर मोहड़ में मनाया गया प्रवेश उत्सव



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर मोहड़ में आज प्रवेश उत्सव में स्मार्ट टीवी का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती जागृति चुन्नी यदु जिला पंचायत सदस्य के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती आशा देवांगन पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत मोहड़ द्वारा किया गया। विशेष अतिथि के रुप में स.शि.म. मोहड़ के अध्यक्ष कृष्णा जांगड़े एवं बीरसिंग देवांगन थे। नवीन प्रवेश भैया/बहनों को पुस्तक-बेल्ट-बैच देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री यादव राम देवांगन श्री केशवराम साहू आचार्य श्रीमती कला देवांगन, श्रीमती मंगली देवांगन, श्रीमती रेखा देवांगन, श्रीमती संतोषी देवांगन एवं कु. यामिनी यादव (दिदिया) उपस्थित थे एवं सरस्वती शिशु मंदिर आमगांव के प्रधानाचार्य भोलाराम देवांगन एवं गणेश भुआर्य (आचार्य) ने अपनी उपस्थित दी।

# ग्राम मड़ियान के गौठान में पशुओं के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम मड़ियान के गौठान में मंगलवार को पशु चिकित्सा मोबाइल यूनिट एवं पशु औषधालय मड़ियान के संयुक्त तत्वावधान में पशुओं के लिए निःशुल्क चिकित्सा एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपने पशुओं के साथ सहभागिता की।शिविर में मोबाइल यूनिट से डॉ. विकास, नीतू सिंह एवं लारेश उपस्थित रहे, वहीं पशु औषधालय मड़ियान से पुष्पलता कांडे एवं रवि साहू ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। आयोजन के दौरान पशुओं की सामान्य जांच, उपचार, टीकाकरण तथा मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा वर्तमान बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए गांव-गांव में ऐसे शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि पशुओं को संक्रामक एवं मौसमी बीमारियों से बचाया जा सके। यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में पशु स्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए पशु विभाग को धन्यवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे शिविरों की अपेक्षा जताई।

# जिला पंचायत-सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 29 जुलाई को

राजनांदगांव(दावा)। जिला पंचायत-सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 29 जुलाई को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के प्रगति के संबंध में चर्चा की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। इसके साथ संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

# डोंगरगढ़ शक्ति वाहिनी की माता-बहनों ने मनाया सावन उत्सव



डोंगरगढ़ (दावा)। शक्तिवाहिनी की माता बहनों के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को रेलवे इंस्टिट्यूट में मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां भारती एवं भगवान शिव जी की आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके पश्चात माता बहनों के लिए 1 मिनट गेम शो एवं कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया। जिसमे कुर्सी दौड़ में वंदना सोनी प्रथम, ईंदू यादव दूसरे स्थान पर रही। 1 मिनट गेम शो में अंजू सिंह प्रथम एवं कंचन निगम दूसरे स्थान पर रही। इसके अलावा रीना साहू, अंजू चौधरी, हर्षा देवांगन, पूजा उजवने, प्रीति गौतेल, सुनीता बघेल, गुलशन खांडेकर, शारदा अग्रवाल, नम्रता सिसोदिया इन सभी ने सांस्कृतिक आयोजन में गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। सावन सुंदरी का प्रथम पुरस्कार सीमा मिश्रा ने प्राप्त किया एवं दूसरे स्थान पर दिया बघेल रही।

**सावन सुंदरी का प्रथम पुरस्कार सीमा मिश्रा ने प्राप्त किया, दूसरे स्थान पर दिया बघेल रही**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रेलवे के ऐडीईएन ऋषभ यादव की धर्मपत्नी कीर्ति यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। इस अवसर पर शक्ति वाहिनी के सदस्य भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित हुए। जिसमें मुख्य रूप से वैशाली देशकर, कीर्ति बड़े, ज्योति बड़वाईक, अचला ठाकुर, अनुपमा मुनेश कुमार, गोमती बघेल, मंजू बघेल, हर्षा देवांगन, रीना साहू, संजू अग्रवाल, निर्मला साहू, सविता साहू गुलशन खांडेकर, नवनीत कौर, वंदना सोनी, सीता शर्मा, श्रद्धा अग्रवाल, सुनीता बघेल, प्रीति गौतेल, ज्योति गौतेल, अंजू चौधरी, शारदा अग्रवाल, नमिता चौबे, नम्रता सिसोदिया, वंदना सिसोदिया, नीता तराने, कृष्णा शर्मा, संतोषी यादव, सीमा मिश्रा, पूजा सिंह, इंदु यादव, पूनम ठाकुर, सपना सिन्हा, उत्तरा चौरसिया, प्रीति पाल, कविता मोटघरे, कंचन निगम, अंजलि मजवार, सौम्या भारद्वाज, मधु महोबिया, अंजू सिंह, यामिनी साहू, अनीता सिंह, पूजा उजवने, धनश्री गिरधर, कविता नामदेव सहित शक्ति वाहिनी की सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुई।

# नवगठित मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति को बधाई - प्रशांत कोडापे



डोंगरगढ़ (दावा)। जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोड़ापे ने नवगठित मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति को बधाई देते हुए उन्हें श्रद्धालुओं की आस्था और सुविधाओं के अनुरूप कार्य करने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया न केवल व्यवस्थागत उत्तरदायित्व का प्रतीक है, बल्कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था, सुविधा और अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव भी है। डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी शक्तिपीठ सिर्फ एक तीर्थ स्थल नहीं, बल्कि करोड़ों जनों की आस्था का केंद्र है। ऐसे में ट्रस्ट समिति से श्रद्धालुओं की अपेक्षाएं स्वाभाविक रूप से अत्यधिक हैं।

**प्रशांत ने व्यवस्थाओं में पारदर्शिता, कार्यों को टेंडर के माध्यम से संपादित कर व्यवस्थाओं में बदलाव की वकालत की**

उन्होंने कहा कि हम आशा करते हैं नवगठित समिति श्रद्धालु पर्यटकों की प्राथमिकताओं पर गहनता से कार्य करेगी जैसे आवागमन व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करना, जिससे पर्व और सामान्य दिनों में श्रद्धालुओं को सुगमता हो, विशेषकर सड़क, रेलवे और बस स्टॉप से मंदिर परिसर तक यातायात सुव्यवस्थित हो, ऑनलाइन रोपवे टिकट बुकिंग प्रणाली तैयार करना एवं इसे सुलभ, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना ताकि भीड़ के प्रबंधन और दर्शन की सुविधा में सुधार हो, माताओं-बहनों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित प्रसाधन तथा विश्राम की उपयुक्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना।मंदिर परिसर, रोपवे, जल व्यवस्था, भोजन प्रसादी व्यवस्था, स्वास्थ्य शिविर, एवं आपातकालीन सहायता जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को और अधिक सुदृढ़ बनाना। पर्यटन व तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यावरण हितैषी योजनाओं को लागू करना ताकि डोंगरगढ़ न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से भी सशक्त हो। मां बम्लेश्वरी का आशीर्वाद नवचयनित समिति के साथ बना रहे और वे श्रद्धालुओं की भावना के अनुरूप ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें यही मेरी शुभकामनाएं हैं।

# वरिष्ठता सूची में सुधार सहित विभिन्न मांगों को लेकर बीईओ को सौंपा ज्ञापन



छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ, स्थानीय ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष अमरदास बंजारे के नेतृत्व में विकासखंड के शिक्षकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) प्रशांत चिरवर्तकर से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। इनमें वरिष्ठता सूची में सुधार और परामर्शदात्री शिक्षा समिति की बैठक का आयोजन प्रमुख हैं।

### वरिष्ठता सूची में गंभीर त्रुटियां

संगठन के ब्लॉक संरक्षक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेंद्र साहू तथा प्रदेश सचिव राजेंद्र लाडेकर ने बताया कि वर्तमान में प्रकाशित जिले और विकासखंड के सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची में कई त्रुटियां और खामियां पाई गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन शिक्षकों की जॉइनिंग और नियुक्तियां बाद में हुई हैं। उन्हें वरिष्ठता सूची में ऊपर रख दिया गया है, जबकि जो शिक्षक सीनियर हैं और जिनकी नियुक्ति विभाग में पहले हुई है। उन्हें निचले क्रम में रखा गया है। इस बात को लेकर विकासखंड एवं जिले के शिक्षकों में शिक्षा विभाग के प्रति नाराजगी है। शिक्षक संघ को जब इस विषय की जानकारी हुई तो उन्होंने बीईओ से मिलकर इन त्रुटियों को सुधारने की मांग की।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत चिरवर्तकर ने संबंधित त्रुटियों को ठीक करने और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए वरिष्ठता सूची में सुधार करने की बात कही। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विकासखंड शिक्षा कार्यालय से नियमानुसार जो भी संभव हो सकता है, उन सारे कार्यों में वे संगठन की मदद करेंगे।

### परामर्शदात्री शिक्षा समिति की बैठक की मांग

संगठन ने परामर्शदात्री शिक्षा समिति की बैठक आयोजित करने की भी मांग की। यह उल्लेखनीय है कि विकासखंड शिक्षा कार्यालय में काफी समय से इस समिति की बैठक का आयोजन नहीं हुआ है। जिसके कारण विकासखंड की स्थानीय समस्याओं पर चर्चा नहीं हो पाती है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों की मांग पर निकट भविष्य में शीघ्र ही परामर्शदात्री शिक्षा समिति की बैठक करने की बात कही।

वरिष्ठता सूची के मामले में जागरूक शिक्षक संघ की जिला एवं प्रदेश इकाई द्वारा शीघ्र ही जिला शिक्षा कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर त्रुटि सुधार की मांग की जाएगी। आज के प्रतिनिधि मंडल में स्थानीय ब्लॉक अध्यक्ष अमरदास बंजारे, ब्लॉक संरक्षक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेंद्र साहू, प्रदेश सचिव राजेंद्र लाडेकर, प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू, वरिष्ठ शिक्षक साथी जयनारायण सर्वा, लोकेश साहू, केदारनाथ जोगी, भूपेंद्र मंडलोई, मोहित राम साहू, गजेंद्र देवांगन, झनक राम ठाकुर एवं कौशल भुवार्य सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित थे।

# साइबर ठगी से बचने के लिए सावधानी और जागरूकता जरूरी



ठेलकाडीह (दावा)। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा संचालित एक समर्पित संस्था ने राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान इंस्पेक्टर तरुणा साहू ने यात्रियों को वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सावधानी में कमी के कारण ही लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं, क्योंकि ठग गिरोह नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को आसानी से झांसे में ले रहे हैं।

**आरबीआई का वित्तीय साक्षरता अभियान**

### ऑनलाइन ठगी से बचें, 1930 पर करें शिकायत

इंस्पेक्टर श्री साहू ने विशेष रूप से ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की। जहां पैसे वापस मिलने की संभावना बहुत कम होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे में जागरूकता और सावधानी ही साइबर ठगी से बचने का एकमात्र विकल्प है।

वित्तीय साक्षरता से जुड़ी तेजस्वी वर्मा ने यात्रियों को सलाह दी कि वे किसी भी प्रकार के लालच में न आएं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करके बैंकिंग लेनदेन करने से बचें। यदि किसी के साथ धोखाधड़ी होती है, तो तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना मोबाइल फोन देने से बचने की सलाह भी दी। कार्यक्रम के तहत रेलवे परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान रेलवे इंस्पेक्टर तरुणा साहू और अन्य रेलवे स्टाफ उपस्थित रहे।

# मोहड़ स्कूल के खिलाड़ी राज्य स्तरीय सुब्रतो कप प्रतियोगिता के लिए चयनित



डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मोहड़ के खिलाड़ियों ने अपने कोच और मैनेजर के कुशल नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग अंडर-15 में राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह प्रतियोगिता जगदलपुर (बस्तर) में आयोजित होगी।

### संभाग स्तरीय टूर्नामेंट में राजनांदगांव की जीत

गत 15 जुलाई को दुर्ग में हुए संभाग स्तरीय टूर्नामेंट में बालक वर्ग अंडर-15 का फाइनल मैच राजनांदगांव और बालोद के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में राजनांदगांव की टीम ने 3-1 अंकों से जीत दर्ज कर संभाग स्तरीय सुब्रतो कप अपने नाम किया। उल्लेखनीय है कि सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट एक प्रतिष्ठित अंतर-विद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट है, जिसकी शुरुआत 1960 में हुई थी। यह प्रतिवर्ष नई दिल्ली में आयोजित किया जाता है। इस प्रतियोगिता में जिस स्कूल की टीम बनती है। वही टीम विभिन्न स्तरों पर आगे बढ़ती जाती है और किसी स्तर पर पराजित होने पर टूर्नामेंट से बाहर हो जाती है।

### डोंगरगांव का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी

डोंगरगांव ब्लॉक का नाम रोशन करने वाले इस फुटबॉल सुब्रतो कप टीम के खिलाड़ियों में डिगेश्वर, धनंजय, पुष्कर, टुमेश्वर, डामेश्वर, नैन प्रकाश, चिराग, रोहन यादव, मनीष, माधव सिंह, एवन कुमार, अमन और रुपेश शामिल हैं। टीम के कोच भूपेश कुमार यदु और टीम मैनेजर अनिल कुमार पटेल के कुशल मार्गदर्शन और सहयोग से सभी खिलाड़ियों ने मैच में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में होने वाली इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इस फुटबॉल टीम के चयन पर राजनांदगांव जिले के सभी खेल प्रेमियों ने कोच, मैनेजर और सभी खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# मां वैष्णो देवी मंदिर और तालाब पर अतिक्रमण का संकट



छुईखदान (दावा)। बघरन पाठ स्थित नगर के प्रसिद्ध मां वैष्णो देवी मंदिर का अस्तित्व अतिक्रमण के कारण खतरे में है। मंदिर के आगे की जमीन पर नगर के कुछ अतिक्रमणकारियों ने अवैध रूप से डबल और ट्रिपल स्टोरी भवन बना लिए हैं। जिससे मुख्य मार्ग से मंदिर का दिखना धीरे-धीरे बंद हो रहा है। यदि इन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई और अवैध निर्माण पर रोक नहीं लगाई गई, तो मंदिर का अस्तित्व संकट में आ सकता है।

### तालाब और शासकीय भूमि पर भी अवैध कब्जा

इसी तरह मंदिर के पीछे नगर पंचायत के तालाब के आसपास भी भारी अतिक्रमण हो गया है। कुछ लोग तो तालाब के अस्तित्व को ही खतरे में डाल रहे हैं। तालाब के ऊपर नवागांव रोड पर कुछ श्यामपुर निवासियों ने पंचायत की शासकीय करोड़ की जमीन पर कब्जा करके बड़े-बड़े भवन बना लिए हैं। इस अतिक्रमण का मामला पिछले तीन-चार सालों से राजस्व विभाग में चल रहा है और नगर में इस मामले में लंबे लेनदेन की चर्चा है।

### वार्ड 8 में बिना परमिशन के भवन निर्माण

इसके अलावा नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 में छोटे मंगल भवन के पास एक बाहरी व्यक्ति द्वारा बिना परमिशन के भवन निर्माण शुरू कर दिया गया है। उसने पीछे पड़ी खाली शासकीय भूमि पर भी कब्जा कर लिया है। प्रेस क्लब के सदस्यों ने इसकी शिकायत नगर पंचायत में की है। यह ज्ञात हो कि यह शासकीय भूमि छोटे मंगल भवन के पीछे आने वाले लोगों के लिए बाइक और साइकिल खड़ी करने का स्थान था। इस पर तुरंत कार्रवाई आवश्यक है।

### मुख्य नगर पंचायत अधिकारी का बयान

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी श्रीमती सुनीता जैन ने बताया कि भवन निर्माणकर्ता को दो बार अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस भेजा जा चुका है, लेकिन उसने काम नहीं रोका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बिजनेसगढ़ फाउंडर्स मीटअप होटल राज इंपीरियल में संपन्न, उधमियों को मिला साझा मंच



राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित होटल राज इंपीरियल में हाल ही में बिजनेसगढ़ फाउंडर्स मीटअप का भव्य आयोजन किया गया। बिजनेसगढ़ फाउंडर्स मीटअप के प्रमुख सदस्य प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इस शानदार कार्यक्रम में 25 से अधिक स्टार्टअप फाउंडर्स और बिजनेस ओनर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मीटअप का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के उद्यमियों को एक ऐसा मंच प्रदान करना था। जहां वे अपने अनुभव साझा कर सकें। एक-दूसरे से सीख सकें और नए व्यावसायिक अवसरों पर चर्चा कर सकें।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हर्षवर्धन अग्रवाल, फाउंडर और सीईओ प्रिंटमाइन रहे। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने एक छोटे शहर से शुरुआत करके अपने डी2सी (डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर) ब्रांड को पूरे भारत में प्रसिद्ध किया। उन्होंने ऑनलाइन बिजनेस को बढ़ाने की रणनीतियों, टीम बनाने, ब्रांडिंग और ग्राहकों तक पहुँच बनाने के संबंध में अमूल्य सुझाव दिए।

इस अवसर पर बिजनेसगढ़ के को-फाउंडर डॉमेंद्र सिंह गंजीर भी उपस्थित रहे। उन्होंने फंडिंग, इनक्यूबेशन, स्टार्टअप्स को मिलने वाले सरकारी सहयोग और छत्तीसगढ़ में स्टार्टअप इकोसिस्टम की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूरे कार्यक्रम के दौरान एक सकारात्मक ऊर्जा और नेटवर्किंग का माहौल देखने को मिला। मीटअप में शामिल होने वाले कुछ प्रमुख नामों में अमन और हर्ष (संस्थापक, सेरा कैन), निधि अग्रवाल (संस्थापक, निधियोगा), प्रशांत अग्रवाल (संस्थापक, देसीहुनर), सुधांशु (संस्थापक, रेडिकल लैब्स), आयुष (संस्थापक, डोकार्डो), डॉ. खंडेलवाल (हेल्थकेयर उद्यमी) और नरेंद्र साहू (संस्थापक, साहू हार्डवेयर) शामिल थे। यह फाउंडर्स मीटअप सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ में उद्यमिता की एक नई लहर की शुरुआत का प्रतीक रहा।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में 2025-26 का इन्वेस्टिचर समारोह संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव में दिनांक 19 जुलाई 2025 को सत्र 2025-26 के लिए इन्वेस्टिचर समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें नव-निर्वाचित छात्र नेताओं को औपचारिक रूप से उनके पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई।

समारोह में हेड बॉय, हेड गर्ल तथा चार साहस, बुद्धिमत्ता, ईमानदारी और विजय-के हाउस कैप्टन को उनके दायित्वों के लिए नियुक्त किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने विद्यार्थियों को ईमानदारी, निष्ठा और नेतृत्व के मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि एक सच्चे नेता में सेवा भावए अनुशासन और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता होना चाहिए। उनके नेतृत्व में डीपीएस राजनांदगांव विद्यार्थियों में मजबूत नेतृत्व कौशल और नैतिक मूल्यों का निरंतर विकास कर रहा है।

# महामंत्री के रूप में चंद्रभान जंघेल और विनोद भारती को मिली कमान




भाजपा उत्तर मंडल की कार्यकारिणी घोषित

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की अनुष्यंशा में उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया ने विगत दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित मंडल कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार देखने को मिला।

इस कार्यकारिणी में चंद्रभान जंघेल और विनोद भारती को मंडल महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों ही कार्यकर्ता लंबे समय से पार्टी संगठन से जुड़े हैं और सक्रियता के लिए जाने जाते हैं। इनकी नियुक्ति को कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक दृढ़ता की दिशा में मजबूत कदम बताया है।

घोषित कार्यकारिणी में अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपाध्यक्ष पद पर मदन यादव, श्रीमति शालू वर्मा, हेतल भोजानी, सज्जन सिंह ठाकुर, मंत्री के रूप में संजय रात्रे, श्रीमति नेहा शर्मा, श्रीमति सरिता यादव, सुश्री रानू मेश्राम, कोषाध्यक्ष पद पर नरेंद्र हंसा, सह-कोषाध्यक्ष नरेश कोचरे, प्रमोद साहू, कार्यालय मंत्री मनोहर साहू, सह-कार्यालय मंत्री प्रेमा सोनकर, मनीष श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी कबीर साहू, अंकित गढ़वाल, सोशल मीडिया प्रभारी कमल सिंह ध्रुव, सह सोशल मीडिया प्रभारी अशोक सिन्हा कार्यकारिणी मे महती जिम्मेदारी दी गयी है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री सुमित भाटिया ने कहा भाजपा विचार और संगठन का आंदोलन है और यह नई कार्यकारिणी इसी विचार को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेगी। चंद्रभान जंघेल और विनोद भारती जैसे अनुभवी कार्यकर्ताओं का महामंत्री के रूप में चयन संगठन को नई दिशा देगा। उन्होंने विश्वास जताया कि पूरी कार्यकारिणी मिलकर भाजपा के लक्ष्य और जनसेवा के संकल्प को मजबूती से आगे बढ़ाएगी।

# पूर्व सैनिक 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनायेंगे



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुर्व सैनिक सेवा परिषद एवं सैन्य मातृशक्ति परिषद जिला इकाई राजनांदगांव के द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाने की तैयारी पर चर्चा के लिए संयुक्त मीटिंग 20 जुलाई 2025 को रखा गया। जिसमें समस्त सैन्य मातृशक्ति एवं पुर्व सैनिक की उपस्थिति मे निर्णय लिया गया कि कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई 2025 को धूमधाम से मनाया जाएगा। सर्वप्रथम गौरव स्थल पर भारतीय वीर शहीदों को श्रद्धांजलि एवं श्रद्धासुमन अर्पित किया जायेगा। तत्पश्चात तिरंगा भ्रमण राजनांदगांव शहर मे करते हुए अभिलाषा संस्था पहुंचकर दिव्यांग बच्चों के साथ विजय दिवस एवं कारगिल युद्ध में शहीद भारतीय वीर सपूतों के सम्मान में सभी दिव्यांग बच्चों को प्रीतिभोज अखिल भारतीय सैन्य मातृशक्ति जिला राजनांदगांव के द्वारा कराया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सैनिक सेवा परिषद राजनांदगांव के जिला संरक्षक बसंत रावटे, जिलाध्यक्ष अशोक झा, जिला प्राधिकारी गुमान दास साहू, पीयूष साव, अमर साव, संजय पवार, उमेश गंगबेर, डोंगरगढ़ से सभी सदस्य एवं सैन्य मातृशक्ति जिला अध्यक्ष वर्षा रावटे, संगीता साहू, संगीता गंगबेर, पी. ज्योति, सुनीता राव, शिवानी साव, भुवनेश्वरी साव, मीनेश साहू, शीतल सिन्हा, पूर्व सैनिक अंगेश्वर प्रसाद सिन्हा, कन्हैया साहू पूर्व सैनिक एवं श्रीमती कन्हैया साहू आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

# जिले में अब तक 2530.2 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 2530.2 मिमी बारिश एवं औसत 361.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 386.3 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 313 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 514.4 मिमी, घुमका तहसील में 418 मिमी, छुरिया तहसील में 316.1 मिमी, कुमरदा तहसील में 298.2 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 284.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 514.4 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 55.6 मिमी एवं औसत 7.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 8.7 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 14.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 17.2 मिमी, घुमका तहसील में 2.5 मिमी, छुरिया तहसील में 2.4 मिमी, कुमर्दा तहसील में 7.4 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 2.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# संकुल साल्हेटोला में बेसलाईन एवं पाक्षिक आकलन की बैठक संपन्न



छुरिया (दावा)। विकासखण्ड छुरिया अंतर्गत संकुल साल्हेटोला में सोमवार को आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल अंतर्गत शालाओं के सभी शिक्षक उपस्थित हुए। इस बैठक में आगामी एफएलएन के तहत बेसलाईन आंकलन को लेकर विस्तार से बताया गया।

संकुल प्राचार्य एम.आर.पंचारे एवं संकुल समन्वयक सुरेश कुमार साहू ने बताया कि प्राथमिक स्तर के बच्चों का प्रारंभिक स्तर का आंकलन करने के लिए आगामी दिनों में बेसलाईन आकलन टेस्ट लिया जाना है। इसके अलावा माध्यमिक स्तर के बच्चों का भी आंकलन किया जाना है। साथ ही हाईस्कूल स्तर पर बच्चों का पाक्षीक आंकलन किया जायेगा जिसे महीने में दो बार लिया जायेगा। आंकलन को लेकर विभिन्न दिशा निर्देश एवं जानकारियां दी गई। वहीं विनोबा एप्प में नियमित उपस्थिति एवं गतिविधियां अपलोड करने, एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण में गति साथ ही अन्य शैक्षिक विषयों पर चर्चा-परिचर्चा किया गया। इस अवसर पर संकुल आश्रित शालाओं के समस्त शिक्षकगण सम्पल सलामे, दीपक कुमार वर्मा, श्रीमती शैलेन्द्री साहू, श्रीमती भारती पंचारी, संतोष चतुर्वेदी, तुकाराम चंद्रवंशी, टुकेश मंडावी, फनेश्वर निषाद, महेश मंडावी, उत्तम प्रसाद दुबे, श्रीमती ऋचा त्रिपाठी, हरिश्चन्द्र बंजारे, श्रीमती अम्बा मंडावी, विजय देवांगन, उमेश साहू,, श्रीमती पद्मा लहरे, डोमन लाल साहू, एच.के. कुंभकार, प्रिंस जंघेल, ललित साहू उपस्थित थे।

# कस्तूरबा महिला मंडल में समाजसेवी महिलाओं की 2 अगस्त को बैठक आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। शहर के समाजसेवी महिलाओं की बहुत पुरानी संस्था कस्तूरबा महिला मंडल की आवश्यक बैठक 2 अगस्त शनिवार को आयोजित किया गया है। इस संबंध में वरिष्ठ समाजसेवी महिला एवं अधिवक्ता श्रीमती शारदा तिवारी ने श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की और पंडित मोहन शास्त्री के वैदिक मन्त्रोंच्चार के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। इस अवसर पर पूजा-आराधना के लिए समाज सेवी महिला पुष्पा सोनी, आशा यादव, मीना यादव, अंजू श्रीवास्तव, पन्नाबाई व अन्य समाजसेवी महिलाएं उपस्थित थीं। कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी व वर्तमान अध्यक्ष श्रीमती अलका जानी ने शनिवार 2 अगस्त को दोपहर 2 बजे कस्तूरबा भवन में आयोजित कस्तूरबा महिला मंडल की आवश्यक बैठक में मंडल की पदाधिकारियों व सदस्यों व सभी समाजसेवी महिलाओं को उपस्थिति की अपील की है।

**भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर तय की गई बैठक की तिथि**

# किसानों के लिए समसामयिक सलाह : धान में अधिक पैदावार हेतु नैनो यूरिया का उपयोग करें



**समय पर बीज भंडारण होने से जिले में 1 लाख 54 हजार 494 हेक्टेर में धान की बुवाई संपन्न**

**जिले में अब तक सहकारी समितियों में 35538 मीट्रिक टन खाद भंडारण, किसानों को 32717 मीट्रिक टन खाद का किया गया वितरण**

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विभाग द्वारा किसानों को धान की अधिक पैदावार के लिए उर्वरकों के साथ लिक्विड यूरिया का उपयोग करने की सलाह दी गई है। किसान धान के कंशे बनने की अवस्था में यूरिया की बोरी का उपयोग न करते हुए तरल रूप में उपलब्ध नैनो यूरिया का एक बॉटल का उपयोग प्रभावी रूप से पत्तियों पर कर सकते है, जो बोरी यूरिया वाले यूरिया से ज्यादा कारगर व पौधों की पत्तियों में सीधा चिपकर नत्रजन की पूर्ति करता है। इससे पौधों के 80 प्रतिशत तक उपयोग क्षमता में बढ़ोतरी होती है।

नैनो यूरिया के छिड़काव के लिए 1 लीटर पानी में 2-4 मि. लीटर नैनो यूरिया (4 प्रतिशत नत्रजन) मिलाएं और फसल में सक्रिय विकास के चरणों में पत्तियों पर छिड़काव करें। सामान्य तौर पर एक एकड़ क्षेत्र में नेमसेक स्प्रेयर, बूम या पॉवर स्प्रेयर अथवा ड्रोन सहित अन्य माध्यम से छिड़काव करने के लिए 500 एमएल मात्रा पर्याप्त होती है। सर्वोत्तम परिणाम के लिए 2 पत्तेदार छिड़काव करें। पहला छिड़काव सक्रिय टिलरिंग व ब्रांचिंग अवस्था में अंकुरण के 30-35 दिन बाद या रोपाई के 20-25 दिन बाद एवं दूसरा छिड़काव पहले के 20-25 दिन बाद या फसल में फूल पहले।

जिले में खरीफ धान की बुवाई मानसून के आगमन के साथ ही शुरू हो गई है। खेत की तैयारी के साथ-साथ समय पर बीज भंडारण होने से किसानों द्वारा इसका उठाव कर जिले में अब तक 1 लाख 54 हजार 494 हेक्टेर में धान की बुवाई का कार्य सम्पन्न हो चुका है। शासन द्वारा लगातार यूरिया, डीएपी एवं पोटाश की मांग अनुसार भंडारण समितियों में किया जा रहा है। जिले में अब तक सहकारी समितियों में 35538 मीट्रिक टन खाद भंडारण कर 32717 मीट्रिक टन खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है। इसके साथ ही जिले में लगातार यूरिया, डीएपी की रेक लग रही है, जिसे तत्काल सभी समितियों में भंडारण कराया जा रहा है। धान की खेती में मुख्यतः तीन प्रकार के पोषक तत्व नाईट्रोजन, फास्फोरस तथा पोटाश का उपयोग बीज बुवाई से लेकर कंशे से लेकर गभोट अवस्था तक किया जाता है। प्रथम नत्रजन जिसका कार्य जड़ तना तथा पत्ती की वृद्धि एवं विकास में सहायता करना, बीज और फलों का विकास तथा पुष्पन व जड़ों के विकास में वृद्धि करना है। सामान्य तौर पर शीघ्र पकने वाली धान की किस्मों में 24 किलो ग्राम नत्रजन, 24 किलो ग्राम फास्फोरस तथा 24 किलो ग्राम पोटाश की मात्रा का उपयोग किया जाता है। जिसके लिए एक बोरी यूरिया, एक बोरी डीएपी या तीन बोरी एसएसपी व आधा बोरी पोटाश का उपयोग किया जाना चाहिए।

धान के खेत की तैयारी करने के बाद कंशे निकलने तक किसी भी प्रकार के खाद का उपयोग नहीं करना चाहिए, जब फसल 45-50 दिन के बाद धान में कंशे फुटने लगे तक 24 किलोग्राम नत्रजन जिसके लिए एक बोरी यूरिया पुनः पत्तियों पर छिड़काव करना चाहिए। इसी प्रकार मध्यम अवधि में पकने वाले धान किस्मों में तैयारी के समय 30 किलो ग्राम नत्रजन, 24 किलो ग्राम फास्फोरस तथा 24 किलो ग्राम पोटाश का उपयोग करना चाहिए। जिसके लिए 2 बोरी यूरिया, 1 बोरी डीएपी या 2 बोरी एसएसपी या आधा बोरी पोटाश का उपयोग करना चाहिए। जब धान 45-50 दिन हो जाये तभी 30 किलोग्राम नत्रजन का उपयोग किया जाना चाहिए।

# फिश एक्केरियम भवन के संचालन के लिए 4 अगस्त तक रुचि की अभिव्यक्ति आंमत्रित

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिका निगम राजनांदगांव के पुष्पवाटिका में नवनिर्मित फिश एक्केरियम भवन के संचालन के लिए 4 अगस्त 2025 तक दोपहर 2 बजे तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। फिश एक्केरियम भवन के संचालन के लिए इच्छुक आवेदक मछली पालन विभाग राजनांदगांव में निर्धारित प्रारूप में मुहरबंद आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। अभिरूचि प्रस्ताव को 4 अगस्त 2025 को ही दोपहर 3 बजे उपस्थित आवेदनकर्ताओं के समक्ष कार्यालय परिसर में खोली जाएगी। फिश एक्केरियम भवन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को मनोरंजन के साधन उपलब्ध करना, अपने घरों में एक्केरियम टैंक स्थापित करने एवं मछलीपालन के प्रति जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित करना है। फिश एक्केरियम भवन के संचालन के लिए प्रतिष्ठित, अनुभवी और वित्तीय रूप से सक्षम एजेंसियों, संस्थानों, किसान उत्पादक संगठनों, फर्मों, कंपनियों, व्यक्तियों से रूचि की अभिव्यक्ति के तहत निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित की गई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**संसद के मानसून सत्रः दूसरे दिन भी.....**

पहले दो बार सदन को स्थगित किया और आखिरकार दोपहर दो बजे के बाद सदन को पूरे दिन के लिए स्थगित करना पड़ा। इससे पहले सीपीआई सांसद पी. संतोश कुमार ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अप्रत्याशित और असामान्य इस्तीफे पर भी चर्चा की मांग की थी। हालांकि, सभी 12 स्थगन प्रस्तावों को नियम 267 के तहत खारिज कर दिया गया। दोपहर 12 बजे प्रश्नकाल के दौरान भी हंगामा जारी रहा और घनश्याम तिवारी, जो उस समय पीठासीन अधिकारी थे, ने सदन को दो बजे तक स्थगित कर दिया। इसी दौरान गृह मंत्रालय की अधिसूचना के जरिए जगदीप धनखड़ के तत्काल प्रभाव से इस्तीफे की जानकारी भी दी गई। 22 जुलाई को सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने लोकसभा में दो प्रस्ताव रखे। जिसमें पहला प्रस्ताव, भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) के लिए दो सांसदों के चुनाव का था, जो दिव्यांगजनों से जुड़ी सेवाओं और प्रशिक्षण को नियंत्रित करता है। दूसरा प्रस्ताव विकलांगता पर केंद्रीय सलाहकार बोर्ड के लिए था, जो दिव्यांग कानून पर सरकार को सलाह देता है। वहीं, राज्यसभा में केंद्र सरकार ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के तहत अभी 79 लाख और लाभार्थी जोड़े जा सकते हैं। फिलहाल 80.56 करोड़ लोगों को राशन मिल रहा है, जबकि लक्ष्य 81.35 करोड़ है। राज्य सरकारें इस सूची को लगातार अपडेट कर रही हैं।

**कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शनः चैतन्य बघेल की....**

होने की जानकारी दी है। अंबिकापुर कांग्रेस कमेटी के बालकृष्ण पाठक ने बताया कि यह कार्यक्रम सफल रहा है। दीपक बैज ने बताया कि राज्य में बिजली की दरों में वृद्धि तथा डीएपी खाद तथा अन्य समस्याओं को लेकर इस समय नागरिक परेशान है। आगे भी हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इसी कड़ी में कोरबा में चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में अंबिकापुर कटघोरा नेशनल हाईवे 130 पर जेजरा बायपास चौक पर कांग्रेसी एकत्रित हुए और ईडी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चक्का जाम कर दिया। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी तरह की उपद्रव की स्थिति पर नियंत्रण रखा जा सके। पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल, रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया, कटघोरा के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर और अन्य वरिष्ठ नेता प्रदर्शन में मौजूद हैं। दुर्ग में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार करने और तमनार में पेड़ो की कटाई के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी के द्वारा दुर्ग में भी आर्थिक नाकेबंदी की गई। और शहर के कई प्रमुख मार्गों पर चक्काजाम कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के प्रभारी गिरीश देवांगन के नेतृत्व में दुर्ग के मिनी माता चौक पर आयोजित इस चक्काजाम में पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू,पूर्व विधायक अरुण वोरा,राजेंद्र साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मिनी माता चौक से दुर्ग जिला बालोद और राजनांदगांव जिले से जुड़ता है। जिसके कारण बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही इस चौक पर बनी रहती है।

**दान में मिले 199 करोड़ रुपये....**

दाता 2,000 रुपये की सीमा से अधिक थे। 2000 रुपये से ज्यादा का दान चेक या बैंक ट्रांसफर जैसे बैंकिंग चैनलों के माध्यम से दिया जाना है। उसी के हिसाब से पूरी राशि पर टैक्स लगाया गया। जब कांग्रेस ने छूट मांगी तो आईटी विभाग ने 2021 में दावे को अस्वीकार कर दिया। मार्च 2023 में आयकर आयुक्त (अपील) ने निर्णय को बरकरार रखा। ट्रब्यूनल के पास कांग्रेस ने तब अपील की थी, जब पिछले साल कोई भी अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया गया था।

**एअर इंडिया के विमान में लगी आग....**

एक एयरलाइन प्रवक्ता ने बताया कि विमान को सुरक्षित रूप से टैक्सी कर दिया गया है। 12 जून को एअर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान, जो अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था, उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक इमारत से टकरा गया। इस दर्दनाक हादसे में 260 लोगों की जान गई, जिनमें 19 लोग जमीन पर मौजूद थे। विमान में सवार 242 यात्रियों में से सिर्फ एक व्यक्ति ही जीवित बच पाया, इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक शामिल है। एएआईबी ने इस हादसे पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट 12 जुलाई को जारी की थी। वहीं, इस भीषण विमान हादसे के एक महीने बाद टाटा ग्रुप ने पीड़ितों के लिए वेलफेयर ट्रस्ट बनाया है। इसका नाम एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट रखा गया है।

**धनखड़ के इस्तीफे के बाद सियासी....**

महाभियोग प्रस्ताव के नोटिस को स्वीकार करते हुए पूरी प्रक्रिया को स्पष्ट किया। जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ पेश महाभियोग के नोटिस में एक सांसद के दोहरे दस्तखत पर जांच बैठाने की भी घोषणा की थी। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे अपने त्यागपत्र में कहा था कि वह स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने और चिकित्सकीय सलाह का पालन करने के लिए यह निर्णय ले रहे हैं।

हालांकि वे हाल के महीनों में राज्यसभा में काफी सक्रिय और ऊर्जावान नजर आए, लेकिन उनकी तबीयत लगातार ठीक नहीं चल रही थी। मार्च में उन्हें कुछ दिनों के लिए एम्स में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें राष्ट्रीय राजधानी से बाहर की यात्राओं से परहेज की सलाह दी थी। इसके बाद जून में उत्तराखंड के नैनीताल में कुमाऊं विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम के दौरान वे मंच पर बेहोश हो गए थे। अधिकारियों ने बताया था कि उस दिन बहुत गर्मी थी और कार्यक्रम स्थल बेहद घुटन भरा था। इस महीने की शुरुआत में केरल यात्रा के दौरान भी उनकी तबीयत गड़बड़ा गई थी और उन्हें उनकी पत्नी सुदेश और एक सहयोगी ने सहारा दिया था।

**ग्राहकों की शिकायतें तेजी से बढ़ रहीं.....**

भुगतान को लेकर छोटे व्यवसाय के मालिकों की चिंताओं जैसे उदाहरणों का उल्लेख करते हुए स्वामीनाथन ने कहा कि ये केवल सेवा के अनुरोध नहीं हैं, बल्कि समय और धैर्य देकर व व्यावसायिकता दिखाकर विश्वास अर्जित करने के अवसर हैं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी लेन-देन को संभव बनाएगी। लेकिन केवल आप ही संबंध बना सकते हैं और केवल आप ही अपने संस्थान के लिए ग्राहकों का विश्वास अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यही बात एक बैंकर को एक एप से अलग करती है। महानिदेशक ने कहा कि एक बैंकर को शीघ्रता से कार्य करना होता है, अनिश्चितता को सहना होता है, असफलताओं से उबरना होता है, और लंबी अवधि तक ध्यान केन्द्रित रखना होता है। उन्होंने बैंकिंग में दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने वाले छात्रों से कहा, आपको तीव्र परिवर्तन के क्षणों का सामना करना पड़ेगा- संकट, समय-सीमा, लेखा-परीक्षण, नीतिगत बदलाव- लेकिन आपको धीमी, जटिल प्रक्रियाओं से निपटने के लिए अनुशासन और सहनशक्ति की भी आवश्यकता होगी, जो महीनों या वर्षों में सामने आती हैं। उन्होंने कहा कि सहानुभूति, जिज्ञासा और निष्ठा ही लंबे समय में छात्रों की सफलता को परिभाषित करेंगे।

**सैन्य सेवा में बीमारी होने पर जिंदगी भर....**

गिरीश कुमार जौहरी ने 31 सालों तक वायुसेना में अपनी सेवा दी। उन्होंने सशस्त्र बल न्यायाधिकरण में याचिका दायर कर दिव्यांगता पेंशन की मांग की थी। AFT ने उनके पक्ष में फैसला दिया लेकिन केंद्र सरकार और वायुसेना ने इसे दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी। अब दिल्ली हाईकोर्ट ने इस चुनौती को खारिज कर दिया। अदालत ने माना कि सशस्त्र बलों में सेवाएं तनावपूर्ण होती हैं। इसके कारण ये बीमारियां हो सकती हैं। इसलिए अधिकारी को दिव्यांगता पेंशन मिलनी चाहिए। दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया कि वो वायुसेना के दिव्यांग अधिकारी को दिव्यांगता पेंशन दें। ये दिव्यांगता पेंशन 1996 यानी जब उसे हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की बीमारी हुई, तब से जीवनकाल तक मिलनी चाहिए। ये दिव्यांगता पेंशन वेतन के 50 फीसदी हिस्से के रूप में दी जाए। इसके अलावा 1996 से अब तक की पूरी धनराशि पर 6 फीसदी वार्षिक ब्याज भी दिया जाने का निर्देश दिया गया है। कोर्ट ने तीन महीने के अंदर पेंशन और बकाया राशि चुकाने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि ये पेंशन अधिकारी की मूल रिटायरमेंट पेंशन से अलग होगी।

**छत्तीसगढ़ शराब घोटालाः पूर्व मुख्यमंत्री....**

ईडी की कार्रवाई राज्य में अवैध वृक्ष कटाई से ध्यान हटाने के लिए शुरू की गई थी, क्योंकि कांग्रेस इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने वाली थी। एजेंसी ने कहा कि जूनियर बघेल चैनन्य ने त्रिलोक सिंह ढिल्लों नामक एक स्थानीय व्यवसायी के साथ सांठगांठ की और उसकी कंपनियों का उपयोग करके एक ऐसी योजना जिसके तहत उन्होंने ढिल्लों के कर्मचारियों के नाम पर अपने ÷विठ्ठलपुरम प्रोजेक्ट÷ में फ्लैट खरीदने के नाम पर पांच करोड़ रुपये प्राप्त किए। ईडी ने कहा बैंकिंग ट्रेल से पता चलता है कि संबंधित लेन-देन के दौरान, त्रिलोक सिंह ढिल्लों को शराब सिंडिकेट से अपने बैंक खातों में भुगतान प्राप्त हुआ। चैतन्य बघेल को धन शोधन रोधी अधिनियम की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, नए सबूत मिलने के बाद की गई छापेमारी के दौरान चैतन्य कथिततौर पर सहयोग नहीं कर रहे थे। चैतन्य बघेल से कथित रूप से जुड़ी कंपनियों को कथित शराब घोटाले से अर्जित लगभग 17 करोड़ रुपये की अपराध आय प्राप्त हुई है। करीब 1,070 करोड़ रुपये की धनराशि के साथ ही उनकी भूमिका एजेंसी की जांच के दायरे में है। ईडी के अधिकारियों को ये साबूत बघेल करीबियों से पूछताछ के बाद मिले हैं। पप्पू बंसल, त्रिलोक ढिल्लन और दीपेंद्र चावड़ा के माध्यम से चैतन्य बघेल पैसा पहुंचाया गया। ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने रायपुर कोर्ट में कही। चैतन्य बघेल ने ये पैसा हवाला कारोबारियों की सहायता से अलग-अलग राज्यों में निवेश करवाया। ईडी की कार्रवाई के दौरान एक पेन ड्राइव भी मिला है। इसे लेकर ईडी ने पप्पू बंसल और दीपेन चावड़ा से पूछताछ की थी। इस मामले में ईडी ने दुर्ग के बघेल बिल्डकॉन और बिलासपुर के विट्ठल ग्रीन्स को भी अपने जाँच के दायरे में रखा है। ईडी ने इनमें से कई लोगों के बयानों का हवाला देते हुए यह लिख रखा है कि इस पूरे चेन के ज़रिए लभभग एक हजार करोड़ रुपए लगाकर पैसे सफेद करने की कथित कोशिश का पता चला है। इस चेन में अनवर ढेबर ने दीपेंद्र को दिए गए शराब स्कैन के पैसे भी गए हैं।

**केंद्रीय कैबिनेट से एफटीए को मिली मंजूरी....**

सिर्फ वस्तुओं तक ही सीमित नहीं है। इसमें सेवाओं, सरकारी खरीद, बौद्धिक संपदा अधिकार, नवाचार और निवेश जैसे विषयों को भी शामिल किया गया है। इस करार से दोनों देशों के पेशेवरों और कंपनियों को भी कामकाज में सहूलियत मिलेगी। इसके अलावा, भारत और ब्रिटेन के बीच एक डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन एग्रीमेंट (सोशल सिक्योरिटी समझौता) भी अंतिम रूप में पहुंच चुका है। इसका फायदा भारत के उन पेशेवरों को मिलेगा, जो अस्थायी रूप से यूके में काम कर रहे हैं। अब उन्हें भारत और यूके दोनों जगह सामाजिक सुरक्षा में अलग-अलग योगदान नहीं देना होगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में भारत से ब्रिटेन को निर्यात 12.6 प्रतिशत बढ़कर 14.5 अरब डॉलर हो गया है, जबकि आयात 2.3 प्रतिशत बढ़कर 8.6 अरब डॉलर तक पहुंचा है। दोनों देशों के बीच 2023-24 में कुल व्यापार 21.34 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो 2022-23 में 20.36 अरब डॉलर था। इससे साफ है कि FTA से व्यापार में और तेजी आएगी। हालांकि, समझौते पर हस्ताक्षर के बाद यह ब्रिटिश संसद में पास होने के बाद ही पूरी तरह लागू होगा। वहीं, भारत में इसे कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। इससे पहले निवेश संधि पर भी बातचीत चल रही है, लेकिन उस पर अंतिम सहमति नहीं बनी है।

# संस्कारसिटी इंटरनेशनल स्कूल में 'सेफ एंड अनसेफ टच', 'टीन टॉक' और 'डिजीलैंटे' सेमिनारों का सफल आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल ने शनिवार को अपने परिसर में छात्रों और अभिभावकों के लिए तीन महत्वपूर्ण जागरूकता सेमिनारों का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यंग इंडियंस थालिर ग्रुप दुर्ग की विशेषज्ञ प्रशिक्षक सुश्री नितिका अग्रवाल और श्रीमती फरजाना दानिश के सहयोग से आयोजित इन सेमिनारों का मुख्य उद्देश्य छात्रों को वर्तमान चुनौतियों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित, जिम्मेदार तथा डिजिटल रूप से सजग नागरिक बनाना था।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा, हमारा मानना है कि बच्चों का समग्र विकास केवल अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें उन्हें जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक करना भी शामिल है। ये सेमिनार बच्चों को सशक्त बनाने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी ने इस कार्यक्रम को और भी सफल बनाया है। यह कार्यक्रम विभिन्न आयु वर्गों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तीन विशिष्ट सत्रों में विभाजित किया गया था।



### सेफ एंड अनसेफ टच (कक्षा नर्सरी से 5वीं)

छोटे बच्चों के लिए आयोजित इस कार्यशाला में उन्हें 'अच्छे स्पर्श' और 'बुरे स्पर्श' के बीच अंतर को सरल और संवेदनशील तरीके से समझाया गया। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने बच्चों को अपनी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की और उन्हें किसी भी असहज स्थिति में सहायता मांगने के लिए प्रोत्साहित किया। यह सत्र बच्चों को अपनी शारीरिक स्वायत्तता के प्रति जागरूक करने पर केंद्रित था।

### टीन टॉक (कक्षा 6 से 8)

किशोरावस्था एक परिवर्तनकारी दौर होता है, और इस सत्र ने इसी पर ध्यान केंद्रित किया। 'टीन टॉक' सेमिनार में किशोरों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक बदलावों पर खुलकर चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने आत्मविश्वास, भावनात्मक संतुलन और स्वस्थ संबंधों को विकसित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। जिससे छात्रों को इस महत्वपूर्ण आयु में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद मिल सके।

### 'डिजीलैंटे' (कक्षा 9 से 12)

जैसे-जैसे डिजिटल दुनिया का विस्तार हो रहा है, साइबर सुरक्षा का महत्व बढ़ता जा रहा है। 'डिजीलैंटे' सेमिनार ने छात्रों को ऑनलाइन सुरक्षा, गोपनीयता, साइबरबुलिंग से बचाव और जिम्मेदार डिजिटल नागरिकता के बारे में गहन जानकारी प्रदान की। इस सत्र में सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, फिशिंग स्कैम से बचने और ऑनलाइन खतरों को पहचानने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया। अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ इन महत्वपूर्ण चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी सत्रों का संचालन अनुभवी और विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा किया गया। जिन्होंने इंटरैक्टिव तरीकों और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से विषयों को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। संस्था के प्रबंधक ललित अग्रवाल (अध्यक्ष) और अतुल देशलहरा (सचिव) ने शिक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्कूल का लक्ष्य केवल छात्रों को शिक्षित करना नहीं है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार, सुरक्षित और सशक्त नागरिक बनाना भी है। उन्होंने यह भी बताया कि छात्रों और उनके परिवारों को बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने में मदद करने के लिए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु 31 तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु 31 जुलाई तक वेबसाईट https://awards.gov.in पर ऑनलाईन नामांकन व आवेदन आमंत्रित की गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार देश के बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त बच्चों के बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवाओं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला, संस्कृति और नवाचार के लिए दिया जाता है। ऐसे क्षेत्रों में असाधारण प्रतिभा वाले बालकों को प्रतिवर्ष प्रोत्साहित करने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। प्रत्येक पुरस्कार प्राप्तकर्ता बच्चे को एक पदक एवं एक लाख रूपए, 10 हजार रूपए मूल्य के पुस्तक वाउचर तथा प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाएगा।

# एक दिवसीय ऑफिशियल एवं टेक्निकल गतका सेमिनार



डोंगरगढ़ (दावा)। बीआईटी भिलाई में आयोजित एक दिवसीय ऑफिशियल एवं टेक्निकल गतका सेमिनार का आयोजन द गतका एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा किया गया। जिसमें राजनांदगांव जिला गतका संघ से राणा अजय सिंह के मार्गदर्शन में 13 सदस्यों ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमरजीत सिंह छाबड़ा राज्य मंत्री दर्जा छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

**राज्य मंत्री अमरजीत सिंह छाबड़ा द्वारा सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए**

जिसमें बाबूराव जनबंधु, तरुण वरकड़े, श्रीमती सोमू प्रसन्न, आशीष कुमार, निसार अब्बास, प्रदीप सेन, अनुज दमानी, कुंभ लाल वर्मा, राणा वसुंधरा, निधि वर्मा, बलराम वर्मा, वेदांश मोहने ने उक्त सेमिनार में भाग लिया। राजनांदगांव जिला संयोजक राणा ने बताया कि यह एक सिख पारंपरिक मार्शल आर्ट है जो भारत सरकार द्वारा एक खेल के रूप में मान्यता प्राप्त है। साथ ही यह राष्ट्रीय खेलों एवं खेलो इंडिया में भी खेला जाता है। बहुत जल्द राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ में प्रशिक्षण केंद्र खोला जाएगा।

# भाजपा के प्रतिरोधी रवैये को प्रदेश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी - महेंद्र यादव



**ईडी की कार्यवाही द्वेषपूर्ण**

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने केंद्र सरकार पर विपक्ष की आवाज को दबाने और लोकतंत्र को कमजोर करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन करते हुए केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई और उनके पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को उन्होंने अलोकतांत्रिक और राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित बताया। श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस षड्यंत्र के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी और भाजपा के हर दमनकारी प्रयास का कड़ा विरोध करेगी। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि हम न डरेंगे, न झुकेंगे, न रुकेंगे।महामंत्री महेंद्र यादव ने आगे कहा कि ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को इसे राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित स्तरहीनता का नया नमूना बताया। क्या भ्रष्टाचार केवल विपक्षीय नेताओं तक सीमित है जबकि भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेता भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे हैं तो उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई क्यों नहीं होती। श्री यादव ने बताया कि विधान सभासत्र में पूर्व मुख्यमंत्री उद्योगपति अडानी को खदान देने जंगल कटाई के विरोध में आवाज बुलंद कर रहे थे, जिस पर उनके पुत्र चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन पर भिलाई निवास स्थान से ईडी द्वारा गिरफ्तार कर ले गया है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर उनके ओएसडी और करीबियों के निवास पर ईडी ने छापा मारा था। भाजपा के इस तानाशाह रवैये को प्रदेश की जनता अब बर्दाश्त नहीं करेगी।

# इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय में एनईपी 2020 की त्रिस्तरीय कार्यशाला संपन्न

खैरागढ़ (दावा)। इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय के कैम्पस 02 स्थित ऑडिटोरियम में सोमवार 21 जुलाई को प्रातः 11 बजे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रम के संबंध में त्रिस्तरीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजेश पांडेय अपर संचालक क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा दुर्ग उपस्थित रहे। अध्यक्षता कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जी.ए. घनश्याम संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर व डॉ. डी.के.श्रीवास्तव ओएसडी (एनईपी) उच्च शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर उपस्थित रहे।। कार्यशाला में डॉ. राजेश पांडेय ने वर्तमान समय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की आवश्यकता को लेकर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि एनईपी में भारतीय ज्ञान परंपरा को समाहित की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर तथा स्वावलंबी बनाना है। कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने कहा कि एनईपी के तहत छोटे बच्चों के अंदर स्वावलंबन की भावना जागृत करने शिक्षा प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही यह सुविधा भी है कि हम अपने अनुसार अपनी शिक्षा की दिशा बदल सकते हैं। एनईपी लागू होने से निश्चित ही सभी बच्चें लाभान्वित होंगे और अपना भविष्य बेहतर बना पायेंगे। विशेषज्ञ प्रो. डी. के. श्रीवास्तव ने कार्यशाला में प्रेजेंटेशन के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिये अपनाई गई नीतियों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञ डॉ. जी.ए. घनश्याम संयुक्त संचालक ने भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।




उन्होंने कहा कि इस नीति का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देना है। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों के द्वारा एनईपी 2020 के बारे में सार्थक चर्चा की गई। उन्होंने भारतीय संस्कृति के साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप विश्वविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। प्रो.डॉ. नमन दत्त अधिष्ठाता संगीत संकाय ने स्वागत भाषण दिया तथा कार्यक्रम के समापन में कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति की संयोजिका प्रो. डॉ. मृदुला शुक्ल अधिष्ठाता कला संकाय, एनईपी नोडल अधिकारी प्रो. डॉ. नमन दत्त अधिष्ठाता संगीत संकाय, सदस्य डॉ. लिकेश्वर वर्मा सहायक प्राध्यापक गायन विभाग, डॉ. कौस्तुभ रंजन सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग, डॉ. छगेन्द्र उसेण्डी सहायक प्राध्यापक मूर्तिकला विभाग, डॉ. एस. मेदिनी होम्बल सहायक प्राध्यापक भरतनाट्यम विभाग तथा डॉ. दीपशिखा पटेल सहायक प्राध्यापक लोक संगीत विभाग सहित संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

### विश्वविद्यालय में इस वर्ष से लागू होगा एनईपी 2020

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की जायेगी। एनईपी 2020 में निहित प्रावधान के तहत विश्वविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन हेतु पाठ्यक्रम तैयार किए गए हैं जिसके संबंध में विश्वविद्यालय में आयोजित कार्याशाला में चर्चा की गई। इस वर्ष से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भारतीय संस्कृति तथा भारतीय ज्ञान परंपरा की शिक्षा प्रदान की जायेगी जो निश्चित ही विद्यार्थियों के भविष्य के लिये मील का पत्थर साबित होगा।

# 'पर्यावरण विरोधी' भूपेश बघेल के 'बाप का जंगल' बयान की निदंनीय - अग्रहरि



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 'बाप का जंगल' बयान को पर्यावरण विरोधी बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। अग्रहरि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के ठीक उलट, भूपेश बघेल का यह बयान न केवल उन्हें पर्यावरण विरोधी साबित करता है, बल्कि उनके स्वर्गीय पिता के पदचिन्हों पर चलने का भी संकेत देता है, जो नक्सली समर्थक रहे थे।

श्री अग्रहरि ने आरोप लगाया कि भूपेश बघेल के पिता ने 'राक्षस राज ब्राह्मण कुमार रावण को मत मारो' जैसी पुस्तकें लिखी थी और समय-समय पर नक्सलियों का समर्थन किया करते थे। अग्रहरि के अनुसार ये वही नक्सली हैं, जिन्होंने अपने स्वार्थ के चलते बस्तर और अबूझमाड़ के जंगलों में रहने वाले आदिवासी भाइयों का कभी विकास नहीं चाहा और इस क्षेत्र को समाज की मुख्यधारा में शामिल होने से वंचित रखा। उन्होंने आगे कहा कि जब देश के गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का सफाया हो रहा है, तो कांग्रेसियों को यह बात रास नहीं आ रही है। इसी निराशा में वे 'पूरा जंगल बाप का' जैसे निंदनीय शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, जो संभवतः उनके लिए ही उल्टा साबित होगा।

श्री अग्रहरि ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री की कांग्रेसी सरकार ने ही हसदेव जंगल में पेड़ों की कटाई के लिए 'नो गो जोन' हटाया था। उन्होंने कहा कि इससे यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेसी कितने 'जंगल प्रेमी' और 'पर्यावरण प्रेमी' हैं। श्री अग्रहरि ने अंत में कहा कि यही वजह है कि पूर्व मुख्यमंत्री को अपने नक्सली समर्थक रहे पिता को याद कर ऐसे निंदनीय शब्दों का उपयोग करना पड़ा है।

# आजादी के पर्व पर ना फैलाएं फुहड़ता - शिवसेना



**स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस पर फिल्मी गानों पर ना हो कार्यक्रम का आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूलों में देशभक्ति के साथ फिल्मी गानों में कार्यक्रम आयोजित होता है। जिससे स्वतंत्रता दिवस की गरिमा को ठेस पहुंचता है। शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार प्रदेश सचिव कमल सोनी के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष आकाश सोनी ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से यह मांग की है कि जिले के सभी निजी एवं शासकीय स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में देश भक्ति, धार्मिक एवं छत्तीसगढ़ धरोहर के गानों में ही मर्यादापूर्ण तरीके से आयोजित करें।

जिलाध्यक्ष आकाश सोनी ने कहा जिले में बहुत सारे निजी व शासकीय स्कूल है और सभी स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। स्कूलों में बच्चों के द्वारा डांस का कार्यक्रम भी होता है लेकिन उत्साह भरे इस कार्यक्रम में अभद्र फिल्मी गानों का भी उपयोग किया जाता है। जो कि हमारी संस्कृति को ठेस पहुंचता है। शिवसेना मांग करती है कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन हर स्कूलों, कालेजों एव सभी संस्थानों में हो लेकिन यह आयोजन फिल्मी अभद्र गानों से परहेज कर हमारी संस्कृति को ध्यान में रखते हुवे देश भक्ति गाने, धार्मिक गाने और छत्तीसगढ़ धरोहर के गानों के साथ आयोजित हो। ज्ञापन देने शिवसेना जिला प्रवक्ता एडवोकेट राजेश वर्मा, शिवसेना ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश साहू, टोमन साहू, योगेंद्र साहू सहित शिवसेना के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

# डाक कांवड़ियों ने सफाई कर्मचारियों एवं अन्य कांवड़ियों के ऊपर बरसाया गुलाब फूल

राजनांदगांव (दावा)। सावन पर्व के दूसरे सोमवार डाक कांवड यात्रा मोहरा शिवनाथ नदी से जल लेकर शीतला मंदिर बुढ़ा सागर पहुंची इसी क्रम में सड़क पर सफाई कर रहे कर्मचारियों पर गुलाब फुल बरसा कर उनका धन्यवाद किया।

संस्था ने बताया कांवडिया के रास्ते को सफाई करने अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं ताकि कांवडिया सुरक्षित मंदिर पहुंच सके शीतला मंदिर पर हिंदू जागरण मंच के द्वारा डाक कावड़िया का पुष्प से स्वागत कर फलाहारी की व्यवस्था की गई आयोजनकर्ता शिवगण माँ पाताल भैरवी बर्फानी धाम से राजेश मारू, महाकाल मंदिर सिंघोला से पवन डागा, हिंदू जागरण मंच से सुशील लडडा, आज दूसरे सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, राज बहादुर सिंह,



छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के जिला अध्यक्ष विजय साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन, शहर के एनबीआईएस स्कूल से नीरज बाजपेई इस यात्रा में शामिल होकर एवं सिटी बजाकर इस यात्रा को प्रारंभ किया एवं 28 जुलाई को तीसरे सोमवार को मोहारा शिवनाथ नदी से जल लेकर माँ पाताल भैरवी मंदिर बर्फानी धाम जाएगी। इस यात्रा में जीवनदान सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र लाल जंघेल, प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय जंघेल, भारतभूषण वैष्णो, कोषाध्यक्ष अमर सिंह राजपूत, आनंद मुदंडा राजनांदगॉव जिलाध्यक्ष अविनाश जैन जिला उपाध्यक्ष अमित चौहान शहर अध्यक्ष रिषभ मल्ल, महेश्वर जंघेल, यस साहू, पूर्व जंघेल, ग्राम भाटापारा उपसरपंच दीपक वैष्णव, अनुज, नितिन, दुर्गेश,दिव्यांश,कमलेश डर्सेना आदि उपस्थित थे।

# पैलीमेटा उपकेंद्र में 3.15 एमव्हीए का नया पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत



**इस उपकेन्द्र की क्षमता बढ़ जाने से 21 ग्रामों के 6502 उपभोक्ताओं का होगा फायदा**

खैरागढ़ (दावा)। मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्रामीण अंचलों में बिजली उपभोक्ताओं और किसानों को पर्याप्त वोल्टेज पर निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मौजूदा उपकेंद्रों में पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने का काम प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी क्रम में खैरागढ़ संभाग के ग्राम पैलीमेटा में 3.15 एम.व्ही.ए. का एक नया अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। जिसका ऊर्जीकरण राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा किया गया। इस अवसर पर ईई परियोजना मुकेश कुमार साहू, ईई खैरागढ़ संभाग ए.के. द्विवेदी, ईई एसटीएम ए.डी. टण्डन, सहायक अभियंता श्रीमती किरण जांगड़े, सुश्री ममता कर्मकार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

खैरागढ़ संभाग के कार्यपालन अभियंता अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि पैलीमेटा उपकेंद्र में 73 लाख रूपए की लागत से स्थापित इस अतिरिक्त 3.15 एम.व्ही.ए. के पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से 21 गांवों के 6502 उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। अब पैलीमेटा उपकेंद्र की कुल क्षमता 5 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 8.15 एम.व्ही.ए. हो गई है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से स्वीकृत इस विद्युत विकास कार्य से पैलीमेटा उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले कई गांवों के किसानों और उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति का लाभ मिल सकेगा।

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 जुलाई को

**जिले में 11227 परीक्षार्थी के लिए बनाए गए 34 परीक्षा केन्द्र व्यापम द्वारा परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 27 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा (एबीए 25) का आयोजन किया गया है। जिले में आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले कुल 11227 परीक्षार्थी के लिए 34 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है।

व्यापम द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश हेतु अपने साथ फोटो युक्त मूल पहचान पत्र अवश्य लाना होगा। परीक्षा हेतु निर्धारित समय सुबह 10 बजे से आधा घंटा पूर्व सुबह 9.30 बजे परीक्षा केन्द्रों की मुख्य द्वार बंद कर दी जाएगी, परीक्षार्थियों को सुबह 9.30 बजे तक परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश लेने कहा गया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा में हल्के रंग के आधी बांह का कमीज पहन कर ही आना होगा तथा जूता पहनकर परीक्षा में उपस्थिति प्रतिबंधित है। परीक्षार्थी चप्पल पहनकर आए, कान में ईयर रिंग की अनुमति नहीं है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा व परीक्षा समाप्त होने के आधा घंटा पूर्व बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

# अग्निवीर वायु सैनिक पदों पर भर्ती के लिए 31 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय वायुसेना द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष उम्मीदवारों से अग्निवीर वायु सैनिक पदों पर भर्ती के लिए 31 जुलाई 2025 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की गई है।

अग्निवीर वायु सैनिक पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक वेबसाईट https://agni-pathvayu.cdac.in पर ऑनलाईन पंजीयन कर सकते है। भर्ती के लिए ऑनलाईन लिखित परीक्षा का आयोजन 25 सितम्बर 2025 को आयोजन किया जाएगा। उप संचालक रोजगार एस.व्ही राजौरिया ने बताया कि अग्निवीर वायु सैनिक पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय, राज्य की शिक्षा बोर्ड, संस्था से गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषय व त्रिवर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण या अन्य संकार के उम्मीदवार इंटरमीडिएट, 10+2 परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार को 2 जुलाई 2005 से 2 जनवरी 2009 के बीच का जन्म होना चाहिए। उम्मीदवार की ऊंचाई पुरूष हेतु 152 सेमी व महिला हेतु 152 सेमी, सीना पुरूष आवेदकों हेतु 77 सेमी एवं फुलाने पर 82 सेमी, महिला आवेदक हेतु समानुपात में, वजन ऊंचाई एवं आयु के समानुपात में, सामान्य श्रवण क्षमता, दृष्टि क्षमता एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा होगी। इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण करना होगा। उत्तीर्ण उम्मीदवार को 4 वर्ष के लिए चयन किया जाएगा तथा अग्निवीर वायु भर्ती के नियमानुसार वेतन एवं अन्य भत्ता देय होगा। जिसमें प्रथम वर्ष 30 हजार रूपए एवं भत्ता की राशि देय होगी। 4 वर्ष के सेवा उपरांत उम्मीदवार को सेवा निधि पैकेज, जीवन बीमा कव्हरेज तथा अग्निवीर कौशल विकास प्रमाण पत्र का लाभ दिया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी वायुसेना के वेबसाईट, दूरभाष क्रमांक 07552661955, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव व कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07744-299523 से प्राप्त की जा सकती है।

# ईडी को कठपुतली बनाकर भाजपा लोकतंत्र का उड़ा रही मजाक- कांग्रेस

## ‘जल, जंगल, जमीन बचाना है, अडानी को भगाना है’ स्लोकन के साथ कांग्रेसजनों ने की जमकर नारेबाजी



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर आज जिले में सीआईटी कॉलेज तिराहा चौक पर दोपहर 12 से 2 बजे तक जिला स्तरीय आर्थिक नाकेबंदी और चक्काजाम का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेसजनों की भारी भीड़ उमड़ी। कांग्रेस ने ‘जल, जंगल, जमीन बचाना है, अडानी को भगाना है’ जैसे नारों के साथ जमकर प्रदर्शन किया। भाजपा सरकार डेढ़ साल में ही अपनी लोकप्रियता खो चुकी है और प्रदेश में भ्रष्टाचार, शराबखोरी, रेत माफियाओं का गुंडाराज चरम पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्दोष जनता को बंदूक की नोक पर प्रताड़ित किया जा रहा है और अडानी बंधुओं के लिए प्रदेश के जल, जंगल और जमीन को बेचा जा रहा है। साथ ही पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जब वे इन मुद्दों को लेकर सवाल उठाते हैं, तो भाजपा सरकार ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर उन्हें डराने और जबरन कार्रवाई करने लगती है। अमित चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार इन जनहित मुद्दों को उजागर करने से भयभीत हो गई है और ईडी को सामने रखकर कांग्रेस नेताओं पर लगातार कार्रवाई कर डराया धमकाया जा रहा है।

### कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर साधा निशाना

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है। अवैध शराब का कारोबार और खनिज, विशेषकर रेत का अवैध दोहन लगातार चल रहा है। उन्होंने भाजपा को ‘अडानी का गुलाम’ बताते हुए आरोप लगाया कि ‘एक पेड़ मां के नाम’ के बहाने जंगल अडानी के नाम किए जा रहे हैं। छाबड़ा ने कहा, ‘भाजपा सरकार लोकतंत्र का मजाक बना चुकी है।’ उन्होंने चेतावनी दी कि जितना भाजपा दबाने की कोशिश करेगी। कांग्रेस दोगुनी ताकत के साथ जनता की आवाज बुलंद करेगी।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में बलात्कार, हत्या, खनिज और रेत का अवैध उत्खनन बढ़ गया है। बाहर से शूटर बुलाकर स्थानीय लोगों को डराया धमकाया जा रहा है और भाजपाईयों की दादागिरी से अवैध शराब का कारोबार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अडानी बंधुओं के लिए प्रदेश के जल, जंगल और जमीन को उजाड़ा जा रहा है।

मोहला मानपुर विधायक इंदरशाह मंडावी, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू और डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल ने भी भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी नेताओं, उनके परिवार और कार्यकर्ताओं को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं। विधायकों ने जंगल कटाई, अडानी को जमीन देने और विधानसभा में जनहित के मुद्दे उठाने पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस न्याय की इस लड़ाई के लिए हर संघर्ष को स्वीकार करेगी और जनता की आवाज को दबाने के प्रयासों का डटकर मुकाबला करेगी।

### चक्काजाम में शामिल प्रमुख नेता और कार्यकर्ता

इस विशाल चक्काजाम में पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, गिरीश देवांगन, पदम सिंह कोठारी, कमलजीत सिंह पिन्टू, श्रीकिशन खंडेलवाल, शहर कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी सुजीत ठाकुर, पीसीसी महासचिव शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, हेमा देशमुख, नवाज खान, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, आफताब आलम, विवेक वासनिक, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, विभा साहू, क्रांति बंजारे, मन्ना यादव, रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, विकास त्रिपाठी, महामंत्री झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, शरद खंडेलवाल, मोहिनी सिन्हा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, रितेश जैन, माया शर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज माखीजा, नरेश शुक्ला, रामक्षत्री चंद्रवंशी, अंगेश्वर देशमुख, ननि नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पार्षद हफीज खान, अमिन हुद्दा, सतीश मसीह, मुकेश साहू, पंकज बांधव, हरिनारायण धकेता, रईस अहमद शकील, मनीष गौतम, सुरेंद्र देवांगन, इकरामुद्दीन सोलंकी, समद खान, गुलाब वर्मा, अभिमन्यु मिश्रा, अशोक फडनवीस, विपिन यादव, विष्णु लोधी, प्रज्ञा गुप्ता, प्रवीण मेश्राम, डॉ. रुबीना अल्वी, ऋषि शास्त्री, अवधेश प्रजापति, शमसुद्दीन सैफी, पूर्णिमा नागदेवे, विनय झा, बबलू कसार, विक्की पटेल, मानव देशमुख, राहुल तिवारी, महेंद्र वैष्णव सहित हजारों की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# नगर के शिव शंकर जोशी को मिलेगा ‘विजय श्री’ सम्मान, 26 को जयपुर में भव्य आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले के चौखड़िया पारा निवासी प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य शिव शंकर जोशी को इस वर्ष ‘विजय श्री अवॉर्ड 2025’ से सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें 26 जुलाई 2025 को जयपुर में कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। जोशी को समाज के पिछड़े और जरूरतमंद वर्गों के लिए दशकों से निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित उनके जीवन के लिए चुना गया है।

### 25 देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में होगा आयोजन

इस गरिमामय समारोह का आयोजन ‘अंतरराष्ट्रीय समरस्ता मंच’ द्वारा किया जा रहा है, जो विश्व बंधुत्व, शांति और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाला एक वैश्विक संगठन है। मंच के प्रमुख सलाहकार, राजस्थान उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डॉ. कुंदनलाल प्रसाद शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि उन मूल्यों का उत्सव है, जो समाज और मानवता को जोड़ते हैं। समारोह में 25 देशों के प्रतिनिधि, विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवी, अधिकारी, समाजसेवी और युवा शामिल होंगे, जिससे इसे एक अंतरराष्ट्रीय मंच मिलेगा।

### 75 लोगों को मिलेगा ‘विजय श्री अवॉर्ड’

इस वर्ष ‘विजय श्री अवॉर्ड 2025’ देशभर से चुने गए 75 विशिष्ट व्यक्तित्वों को प्रदान किया जाएगा। जिन्होंने शिक्षा, चिकित्सा, समाज सेवा, न्याय, प्रशासन और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य किए हैं। शिव शंकर जोशी का चयन विशेष रूप से उनकी निःशुल्क आयुर्वेदिक सेवा, ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा जागरूकता और नियमित स्वास्थ्य शिविरों के संचालन के लिए किया गया है। चयन समिति के सदस्य एडवोकेट एन. के. पांडे ने बताया कि श्री जोशी का कार्य केवल चिकित्सा सेवा नहीं, बल्कि जनसामान्य के जीवन की गुणवत्ता सुधारने का प्रयास भी है।

### 527 कारगिल शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

कारगिल विजय दिवस पर आयोजित इस समारोह का सबसे भावुक और प्रेरणादायक पहलू 527 कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देना होगा। कार्यक्रम की शुरुआत देशभक्ति गीतों, दीप प्रज्ज्वलन और सामूहिक मौन के साथ होगी। शहीदों के परिजनों को भी इस अवसर पर आमंत्रित किया गया है, ताकि युवा पीढ़ी को यह संदेश दिया जा सके कि देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा के पीछे कितना बड़ा बलिदान छिपा होता है।

### ‘विजय श्री’ विषय पर प्रस्तुति देंगे शिव शंकर जोशी

समारोह में शिव शंकर जोशी ‘विजय श्री’ विषय पर एक विशेष प्रस्तुति भी देंगे। इसमें वे अपनी आयुर्वेदिक यात्रा, समाज सेवा के अनुभवों और भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति की उपयोगिता पर अपने विचार साझा करेंगे। उनके विचार युवा चिकित्सा कर्मियों और सेवाभावियों को निश्चित रूप से प्रेरित करेंगे। उल्लेखनीय है कि शिव शंकर जोशी पिछले दो दशकों से अधिक समय से ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, औषधि वितरण, आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविरों और जन जागरूकता अभियानों से जुड़े हुए हैं।

### राजनांदगांव के लिए गौरव का क्षण

कला, संस्कृति और सेवा के क्षेत्र में अपनी पहचान रखने वाले राजनांदगांव के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि उसके एक कर्मयोगी सपूत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया जा रहा है। स्थानीय लोगों, चिकित्सकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस सम्मान को छत्तीसगढ़ और राजनांदगांव के लिए ‘प्रेरणास्त्रोत और गर्व का प्रतीक’ बताया है। यह उत्सव सिर्फ युद्ध में मिली विजय की नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की कहानी भी है। 26 जुलाई का यह दिन जहां कारगिल के शहीदों की वीरगाथा को याद करने का अवसर है। वहीं शिव शंकर जोशी जैसे उन व्यक्तित्वों को भी सराहने का मंच है।

# मोदी के मिशन को साकार करने में जुटे योगेश दत्त मिश्रा

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने हाल ही में रायपुर और राजनांदगांव जिलों के श्रम कल्याण केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए और उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के मिशन में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आह्वान किया।

### श्रम कल्याण मंडल का योगदान

मिश्रा ने बताया कि मंडल अपनी स्थापना के बाद से ही मजदूरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। यह 14 योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों को लाभ पहुंचाता है, जिनमें छात्रवृत्ति, निःशुल्क सिलाई मशीन और साइकिल वितरण तथा बीमारी, दुर्घटना व मृत्यु की स्थिति में सहायता शामिल हैं। इन योजनाओं के अतिरिक्त मंडल सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण के माध्यम से सैकड़ों मजदूर परिवारों की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना चुका है।



प्रशिक्षण उपरांत महिलाओं को किया प्रमाण पत्र वितरित

### आर्थिक सशक्तिकरण व राष्ट्र निर्माण

श्री मिश्रा ने देश के आर्थिक विकास पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय देश और प्रदेश को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत जल्द ही दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं से कहा कि वे अपने कौशल का उपयोग अपने आर्थिक विकास और परिवार की आय बढ़ाने के लिए करें। उनके परिवार की आर्थिक समृद्धि से ही देश की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

### निरीक्षण और निर्देश

दौरे के दौरान मिश्रा ने श्रम केंद्रों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को एक महीने के भीतर कमियों को दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने रायपुर जिले के उरला, सांकरा, सोनडोंगरी औद्योगिक क्षेत्रों और राजनांदगांव जिले के तुमड़ीबोड, टेडेसरा औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित श्रम कल्याण केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मंडल के कर्मचारी विवेक दुबे, दुष्यंत साहू, गोपाल साहू और नरेंद्र सिन्हा उनके साथ मौजूद थे। उन्होंने श्रम कल्याण केंद्रों के कुशल संचालन के लिए प्रशिक्षिकाओं का भी आभार व्यक्त किया।

# सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। डोंगरगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से एक मकान की आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रूपए, आग से एक मकान पूर्णतः क्षति होने पर 20 हजार रूपए एवं राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 5 मकान आंशिक क्षति होने पर 20 हजार रूपए, अतिवृष्टि से एक पशु शेड आंशिक क्षति होने पर 3 हजार रूपए तथा छुरिया तहसील अंतर्गत नाला के बहते पानी में डूबने, डबरी के पानी में डूबने, तालाब के पानी में डूबने से 3 जनहानि होने पर 4-4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि आपदा प्रभावितों एवं उनके परिजनों को स्वीकृत की गई है।

# निगम की लापरवाही : मोहारा वाटर प्लांट में फिटकरी खत्म, शहर को मिल रहा गंदा पानी

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने राजनांदगांव शहर में पेयजल संकट और गंदगी पर भाजपा शासित निगम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है। जनता को बिजली, पानी, सड़क और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। श्री पिल्ले ने विशेष रूप से चिंता व्यक्त की कि बारिश के मौसम में भी शहर की जनता पानी के लिए तरस रही है और जो पानी मिल रहा है, वह बेहद गंदा है।



### मोहारा वाटर प्लांट में फिटकरी गायब, मोटर बंद- संतोष पिल्ले

श्री पिल्ले ने डॉ. रमन सिंह के विधानसभा क्षेत्र की बदहाली को देखते हुए मोहारा स्थित वाटर वर्क्स प्लांट का औचक निरीक्षण किया। वहां उन्हें पता चला कि वाटर प्लांट में नाममात्र के लिए भी फिटकरी नहीं है और बिना फिटकरी के ही पानी को साफ किए बिना जनता को पिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डबल और ट्रिपल इंजन की सरकार वाली निगम में जनता को परोसे जाने वाले इस पानी को पीकर लोग बीमार हो रहे हैं, जिससे शहर में पीलिया और डायरिया फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। श्री पिल्ले ने यह भी बताया कि मोहारा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के सातों मोटर फिटकरी न होने के कारण बंद पड़े हैं और एक मोटर जला पड़ा है। जिसे ठीक करवाने के लिए निगम को फुर्सत नहीं है। इसका खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

संतोष पिल्ले ने चेतावनी दी कि यदि मोहारा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया और शहरवासियों को जल्द ही दो टाइम साफ पानी नहीं दिया गया, तो वे शहर की जनता और कांग्रेसी पार्षदों के साथ मिलकर निगम के सामने धरना-प्रदर्शन करने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पानी सप्लाई बाधित होने की सूचना तक जनता को नहीं दी जाती। जिससे लोगों में निगम के प्रति भारी आक्रोश है।

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस(7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।



-: बग्गा ट्रेवल्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

# पानी में डूबे अधेड़ की मौत, पुलिया पार करते समय मोटर साइकिल सहित नाले में गिरा



राजनांदगांव (दावा)। मंगलवार सुबह चौकी चिखली क्षेत्र के ग्राम गठुला से बरगाही जाने वाले मार्ग पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें पुलिया पार करते समय नाले में गिरने से एक अधेड़ की मौत हो गई। चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे रेंगाकठेरा निवासी 55 वर्षीय धनसाय साहू सहित तीन व्यक्ति एक ही मोटर साइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। रास्ते में एक नाला आया। जिसकी पुलिया पर पानी बह रहा था। तीनों ने मोटर साइकिल पर बैठे-बैठे ही पुलिया पार करने का प्रयास किया। इसी दौरान अचानक मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और धनसाय साहू मोटर साइकिल से गिरकर पानी के तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलते ही नगर सेना के गोताखोरों को बुलाया गया। जिन्होंने पानी में बहे अधेड़ को बाहर निकाला। हालांकि, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी चिखली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

# मोहड़ रेत मामले को लेकर कल कांग्रेस का घेराव

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी शहर के मोहड़ वार्ड नं. 49 में रेत माफियाओं निर्दोष ग्रामीणों पर लाठी, डंडा व बंदूक की नोक पर वारदात करते हुए गोलीकांड जैसी अपराधिक घटना हुए लगभग एक से डेढ़ माह बीत चुकी है किन्तु अब तक मुख्य आरोपी संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जिसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में गुरूवार 24 जुलाई बसंतपुर थाने का घेराव किया जा रहा है। इस संबंध में अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने पुलिस प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि जब तक मुख्य सरगना की गिरफ्तारी नहीं होगी प्रदर्शन जारी रहेगा।

# शिव कथा की भीड़ में उठाईगीरों की नजर, तीन महिलाओं के गले से हार चोरी, थाने पहुंची



डोंगरगांव (दावा)। नगर के आयोजित शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। भीड़ को देखते हुए कथा स्थल पर पुलिस बल की तैनाती और ड्रोन कैमरे से निगरानी भी लगातार की जा रही है। बावजूद इसके भीड़ का फायदा उठाकर उठाईगीरों ने तीन महिलाओं के गले से सोने का हार व मंगलसूत्र ले उड़े।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग के नर्सरी प्रांगण डोंगरगांव में शिव महापुराण कथा में डोंगरगांव शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरूष शामिल होने पहुंच रहे हैं। संध्या कथा सुनने के बाद शहर की तीन महिलाएं केशरबाई साहू पति स्व. लोकनाथ, सविता पति वीरेन्द्र यादव एवं कुमारी बाई देवांगन पोहा प्रसादी पंडाल पर पहुंची थी। जहां से दो महिलाओं के गले से पत्ती वाला सोने का हार तथा एक के गले से मंगलसूत्र किसी से खींच लिया। अधिक भीड़ के चलते पहले तो उन्हें समझ नहीं आया, जब वे भीड़ से बाहर आये तब उन्हें चोरी हो जाने का एहसास हुआ। इसके बाद तीनों पीड़ित महिलाएं सीधे पुलिस थाने पहुंची और आप बीती सुनाई। मामला थाने पहुंचने के बाद पुलिस इन महिलाओं से समस्त जानकारी जुटा रही है।

# आदिवासी मंत्री को फंसाकर भूपेश के पुत्र ने करोड़ों कमाए - राजपूत

## भूपेश बघेल झूठ की फैक्ट्री हैं, कोयला आंबटन के लिए कई पत्र लिखे, परमिशन भी दिलवाई



राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेसियों द्वारा भूपेश बघेल के पुत्र के समर्थन में प्रदेशभर में किए गए कांग्रेस के आंदोलन को ढकोसला बताते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने पलटवार करते हुए कहा कि कॉल ब्लॉक आबंटन को लेकर कांग्रेस पार्टी और भूपेश बघेल के झूठ का पर्दाफाश हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चोरी और सीना जोरी का उदाहरण बार-बार प्रस्तुत कर रही है।

श्री राजपूत ने कहा कि भूपेश ने 23 जून 2011 को केंद्र में कांग्रेस की सरकार रहते हुए तारा परसा ईस्ट कॉल ब्लॉक को खोलने का प्रस्ताव दिया गया था। जब छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी, तब अदानी को दो बड़ी खदानें गारे पेलमा सेक्टर 2 और राजस्थान में केते एक्सटेंशन ब्लॉक का ऑपरेटर बनाया गया। इसी तरह मुकेश बघेल जी के मुख्यमंत्री कार्यकाल में 16 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति के लिए सिफारिश भी भेजी थी। राजपूत ने कहा कि गारे पलमा सेक्टर 2 मांद रायगढ़ कोलफील्ड के लिए हुआ समझौता भी सबके सामने इसका जीता जागता उदाहरण है।

श्री राजपूत ने कहा कि सभी जानते है कि 5 वर्ष में छत्तीसगढ़ को 10 जनपद का चारागाह बना दिया था। भूपेश सरकार के कार्यकाल में शराब घोटाले, कोयला घोटाला, चावल घोटाला, गोठान घोटाला से लेकर पीएससी घोटाले तक में प्रदेश के संसाधनों को जमकर लूटा गया। आज जब इस घोटाले के आरोपी को एक-एक कर प्रदेश सरकार पकड़ रही है और सबूत की प्रमाणिकता के साथ सभी जेल जा रहे हैं। सभी आरोपी के विरुद्ध कानून सम्मत कार्रवाई की जा रही है, परंतु दुर्भाग्य का विषय है कि कांग्रेसी इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रहे हैं।

### भूपेश का अदानी प्रेम किसी से नहीं छुपा

श्री राजपूत ने कहा कि तथ्य है कि न केवल भूपेश बघेल ने कॉल ब्लॉक अशोक गहलोत को आबंडित किया था, बल्कि उससे पहले भी मनमोहन सिंह की सरकार में तमाम नियमों को धत्ता बताते हुए छत्तीसगढ़ के कॉल ब्लॉक की राह आसान की थी। श्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में भूपेश बघेल के संयोजित षड्यंत्र के तहत एक आदिवासी नेता कवासी लखमा को आबकारी विभाग देकर शराब घोटाले का षड्यंत्र किया और भूपेश बघेल के बेटे ने करोड़ों रुपए का घोटाला किया। इसकी पुष्टि कवासी लखमा के इस बयान से होती है कि उन्होंने ईडी को कहा कि वह अनभिज्ञ हैं, जैसा उन्हें अधिकारियों ने कहा वैसा उन्होंने अंगूठा लगा दिया। इस बयान से यह सिद्ध होता है कि भूपेश बघेल के पुत्र और वे स्वयं शराब घोटाले में मास्टरमाइंड थे। श्री राजपूत ने कहा कि आज अड़ानी को लेकर कांग्रेसियों द्वारा बेवजह चक्काजाम कर जनता को परेशान किया जा रहा है, जो कि कांग्रेस की घटिया मानसिकता का परिचायक है। श्री राजपूत ने कांग्रेसियों को नसीहत देते हुए कहा कि भूपेश एवं दस जनपद की गुलामी छोड़कर सच्चाई का साथ दें और जनता को बेवजह परेशान करना बंद करें। अन्यथा आने वाले समय में कांग्रेस छत्तीसगढ़ में नजर नहीं आएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com